वार्षिक प्रतिवेदन
ANNUAL REPORT
2023-2024

केन्द्रीय बौद्ध विद्या संस्थान
(सम विश्वविद्यालय)
(चोगलमसर, लेह केंद्र शासित प्रदेश लद्दाख)

Institute of Buddhist Studies
(Deemed to be University)
(Choglamsar, Leh (Union Territory of Ladakh)

वार्षिक प्रतिवेदन

ANNUAL REPORT
2023-2024

केन्द्रीय बौद्ध विद्या संस्थान
(सम विश्वविद्यालय)
चोगलमसर, लेह (केंद्र शासित प्रदेश–लद्दाख)

Central Institute of Buddhist Studies
(Deemed to be University)
Choglamsar, Leh,Union Territory of Ladakh

विषयानुक्रमणी

क्रमांक		पृ.सं.
1.	संक्षिप्त इतिहास	1
2.	उद्देश्य	2
3.	संस्था	3
4.	प्रबन्धन	4
5.	निधि	5
6.	कर्मचारी संख्या	5
7.	संकाय तथा विभाग और नवीन प्रवेश	5
8.	संगोष्ठी/परिसंवाद/कार्यशाला	9
9.	विशेष व्याख्यान/अन्य शैक्षिक क्रियाकलाप	11
10.	दवाइयों की सुविधा	12
11.	**सोवा रिगपा मेडिकल कॉलेज**	13
12.	छात्र–विनियम कार्यक्रम	15
13.	एसडब्ल्यूसी की नई कार्यकारिणी समिति	15
14.	शैक्षिक यात्रा	18
15.	प्रकाशन	19
16.	शोध कार्य	19
17.	परिसर	19
18.	पुस्तकालय	20
19.	संग्रहालय	21
20.	पाठ्यक्रम	21
21.	छात्रवृत्ति	22
22.	विद्यार्थियों को पाठ्य पुस्तकों एवं कापियों का निःशुल्क वितरण	23
23.	परीक्षा परिणाम	23
24.	गोनपा/श्रामणेरी विद्यालय	23
25.	प्रथम दीक्षांत समारोह	24
26.	स्थापना दिवस समारोह	26

27.	अन्य महत्वपूर्ण घटनाएँ	27
28.	हिमालयी बौद्ध संस्कृति विश्वकोश संकलन के लिए परियोजना	33
39.	पाण्डुलिपि संरक्षण केन्द्र	33
30.	**शैक्षणिक उपलब्धियाँ**	34
31.	उपाधि/डिप्लोमा–पत्र प्राप्त करने के पश्चात् छात्रों का नियोजन	48
32.	पाठ्य पुस्तकों का परिशोधन और संपादन	49
33.	डुजिंग फोडंग विद्यालय जंस्कार	49
34.	बौद्ध दर्शन संस्कृत विद्यालय, मंडोगुल ु(हि.प्र.)	51
35.	परिशिष्ट	
i)	सोसाइटी	52
ii)	प्रबन्धकारिणी समिति की संरचना	53
iii)	विद्या परिषद् की संरचना	54
iv)	वित्तीय समिति की संरचना	56
v)	प्रकाशन समिति की संरचना	56
vi)	पुस्तकालय समिति की संरचना	56
vii)	शोध समिति की संरचना	57
viii)	केन्द्रीय बौद्ध विद्या संस्थान की कर्मचारी संख्या	57
ix)	केन्द्रीय बौद्ध विद्या संस्थान, लेह का परीक्षा परिणाम	59
x)	गोनपा/श्रामणेरी विद्यालयों के विद्यार्थियों के विद्यालयवार एवं कक्षावार नामांकन	61
xi)	परीक्षा परिणाम (डी.पी.एस.,जंस्कार)	65
xii)	कर्मचारी संख्या(डी.पी.एस.,जंस्कार)	65
xiii)	परीक्षा परिणाम (बी.डी.एस.वी., मंडोगुलु)	66
xiv)	कर्मचारी संख्या(बी.डी.एस.वी., मंडोगुलु)	67

1.संक्षिप्त इतिहास :

सन् 1959 से पूर्व लद्दाख के विद्वान्, श्रामणेर एवं भिक्षु उच्च बौद्ध शिक्षा के लिए तिब्बत जाते थे। वे तिब्बत जाकर वहाँ के विभिन्न प्रसिद्ध महाविहारों, यथा– ड्रि–गुङ, ग–दन, सेरा, टशी–ल्हुनपो, ड्रे–पुङ, सक्या, सङ्–ङग–छोसलिङ, देरगे आदि में अनेक वर्षों तक बौद्ध विद्याओं का अध्ययन करते थे। परन्तु सन् 1959 की दुर्भाग्यपूर्ण घटना के परिणामस्वरूप अचानक इस परम्परा में व्यवधान पैदा हुआ। तत्पश्चात् यह आवश्यकता अनुभव की गई कि बौद्ध दर्शन के विधिवत् अध्ययन के लिए इस आर्य देश अर्थात् भारत में ही एक बौद्ध विद्या केन्द्र की स्थापना की जाय। बौद्ध संस्कृति एवं दर्शन के प्रचार–प्रसार के लिए लेह को चिह्नित किया गया, जो प्राकृतिक, भौगोलिक एवं पारम्परिक दृष्टि से सर्वथा अनुकूल था।

तदनुसार चौदहवें परम पावन दलाई लामा जी के वरिष्ठ गुरु योंगजिन लिङ रिन्पोछे द्वारा वर्तमान केन्द्रीय बौद्ध विद्या संस्थान की पूजन–विधि द्वारा वर्ष 1959 में स्थापना की गई। यह संस्थान प्रारंभ में 'बौद्ध दर्शन महाविद्यालय' के नाम से जाना जाता था और 10 भिक्षु छात्रों को प्रवेश दिया गया जो लद्दाख में स्थित दस प्रमुख गोनपाओं से संबद्ध थे। छात्रों को भोट साहित्य तथा बौद्ध दर्शन पढ़ाने के लिए दो अध्यापकों को नियुक्त किया गया था। लगभग तीन वर्षों तक सभी विद्यार्थियों एवं अध्यापकों का खर्च उपर्युक्त दस गोनपाओं ने वहन किया। सन् 1959 से 1961 तक यह विद्यालय लेह में संचालित किया गया।

सन् 1962 में स्व॰ भदन्त कुशोक बकुला जी के आग्रह पर तत्कालीन प्रधानमंत्री पण्डित जवाहरलाल नेहरू ने लद्दाख के लोगों के बीच इस प्रकार के संस्थान की आवश्यकता को अनुभव किया। तदनुसार उन्होंने इस संस्थान को प्रबंधन एवं वित्तीय सहायता के लिए भारत सरकार के संस्कृति विभाग को सौंपना स्वीकार किया। उसी वर्ष इसको लेह से लगभग 8 किलोमीटर की दूरी पर स्थित स्पितुग गाँव में स्थानान्तरित किया गया। सन् 1964 में संस्थान को एक शैक्षिक संस्थान के रूप में 1998 के जम्मू–कश्मीर पंजीकरण अधिनियम VI (1941 ई.) के तहत पंजीकृत किया गया। बौद्ध दर्शन और भोटी भाषा एवं साहित्य के अतिरिक्त संस्कृत, हिन्दी तथा अंग्रेजी विषयों का अध्ययन प्रारम्भ किया गया। सन् 1973 में संस्थान को सम्पूर्णानन्द संस्कृत विश्वविद्यालय, वाराणसी, उ॰प्र॰ से सम्बद्ध कराया गया और सीमांत क्षेत्र के छात्रों के लिए उपयुक्त पाठ्यक्रम शुरू किए गए।

15 जनवरी, 2016 को भारत सरकार के मानव संसाधन विकास मंत्रालय (उच्चतर शिक्षा विभाग) वर्तमान में शिक्षा मंत्रालय ने विश्वविद्यालय अनुदान आयोग की सिफारिश पर यूजीसी अधिनियम की धारा 3, 1965 के तहत अधिसूचना संख्या एफ.9–5/2001–यू.3(ए) दिनांक 15–01–2016 के अनुसार केन्द्रीय बौद्ध विद्या संस्थान, लेह को

'सम विश्वविद्यालय' का दर्जा प्रदान किया गया।

संस्थान के प्रथम प्राचार्य बौद्ध विद्या के प्रकाण्ड तिब्बती विद्वान् भदन्त येशे थुबतन थे जिन्होंने 1959 से 1967 तक संस्थान के प्रथम प्राचार्य के रूप में कार्य किया। तत्पश्चात् प्रसिद्ध बौद्ध विद्वान भदन्त लोछोस रिन्पोछे जी की संस्थान के द्वितीय प्राचार्य के रूप में नियुक्ति हुई। डॉ॰ टशी पलजोर ने सन् 1979 से 2005 तक संस्थान के प्राचार्य के रूप में कार्य किया। सन् 2005 से 2010 तक पाँच साल प्राचार्य के रूप में कार्य करने के बाद डॉ0 नवांग छेरिंग संस्थान के प्राचार्य के पद से सेवा निवृत्ति हुए और 15 जून 2010 को डॉ0 वंगछुग दोर्जे नेगी ने प्राचार्य पद का प्रभार लिया। तदनन्तर, दिनांक 19–12–2011 को सम्पन्न हुई प्रबंधकारिणी की बैठक में प्राचार्य के पद को निदेशक के रूप में पुनः नामकरण करने का निर्णय लिया गया। दिनांक 12.12.2014 को डॉ. वंगछुग दोर्जे नेगी का कार्यकाल पूर्ण होने पर प्रो. कोनछोग वंगदु ने संस्थान के निदेशक के रूप में कार्य किया। दिनांक 28.12.2020 से प्रो. नवांग समतेन कुलपति, केंद्रीय उच्च तिब्बती शिक्षा संस्थान, सारनाथ ने संस्थान के प्रभारी निदेशक के रूप में छह महीने तक कार्य किया। तत्पश्चात् प्रो. बैद्यनाथ लाभ, कुलपति, नव नालन्दा महाविहार, नालन्दा को 22 मार्च 2023 तक संस्थान के निदेशक का कार्यभार सौंपा गया। इसके बाद, प्रोफेसर राजेश रंजन ने दिनांक 23 मार्च 2023 को कें. बौ. वि. सं. (सम विश्वविद्यालय) के प्रथम कुलपति के रूप में कुलपति पद का कार्यभार ग्रहण किया। तब से संस्थान तेजी से प्रगति के पथ पर अग्रसर है।

2. उद्देश्य

संस्थान का मूल उद्देश्य छात्रों की प्रतिभा अर्थात् व्यक्तित्व को बौद्ध विचार, साहित्य, कला एवं विविध आधुनिक विषयों के ज्ञान द्वारा विकसित और सुसज्जित करना है। सम्पूर्ण हिमालयी क्षेत्रों की बौद्ध संस्कृति एवं कला की शिक्षा हेतु यह इस देश का एक अपूर्व संस्थान है। संस्थान बौद्ध दर्शन और सांस्कृतिक अध्ययन में स्नातक, स्नातकोत्तर और डॉक्टरेट का कार्यक्रम चलाती है उनकी फीडर स्कूलों को स्थापित और देखरेख करता है। उपर्युक्त उद्देश्यों की पूर्ति के लिए संस्थान ने निम्नलिखित लक्ष्य निर्धारित किए हैं–

1.) पूर्व में बौद्ध दर्शन महाविद्यालय के नाम से जाना जाने वाला शैक्षिक संस्थान केन्द्रीय बौद्ध विद्या संस्थान, चोगलमसर लेह के विकास और प्रबंधन की देखभाल और सुसंचालन करना है।

2.) ज्ञान की शाखाओं में उत्कृष्टता एवं नवीनता की ओर ले जाने के लिए उच्च शिक्षा प्रदान करना, जिन्हें मुख्य रूप से स्नातकोत्तर और शोध डिग्री के स्तर पर उपयुक्त समझा जा सके, जो विश्वविद्यालय की अवधारणा के अनुरूप हों, अर्थात विश्वविद्यालय शिक्षा विवरण (1948), भारत में उच्च शिक्षा के नवीकरण, क्रियाकलाप पर समिति का विवरण (2009) और समीक्षा समिति विवरण के समवत् विश्वविद्याएँ (2009)।

3.) विश्वविद्यालय शिक्षा प्रणाली के उद्देश्य हेतु विशिष्ट सहयोग के लिए विशेष क्षेत्रों में परीक्षित योग्यता के साथ काम में लगाना है। अर्थात् शैक्षणिक काम एक सामान्य स्वभाव वाले कार्यक्रमों यथा– कला विषय, विज्ञान, इंजीनियरिंग, चिकित्सा, दंत चिकित्सा की पढ़ाई, फार्मेसी तथा प्रबन्ध आदि में पारंपरिक संस्थाओं द्वारा नियमित रूप से पारंपरिक डिग्री (उपाधि) प्रदान करता है, से स्पष्ट रूप से अन्तर करने योग्य हो।

4.) संस्थान में उपलब्ध सभी विषयों में पर्याप्त संख्या में पूर्णकालिक संकाय/शोधकर्ता (पीएचडी और पोस्ट–डॉक्टरल) द्वारा किए गए विभिन्न अनुसंधान कार्य क्रमों के माध्यम से ज्ञान की उन्नति और इसके प्रसार के लिए उच्च गुणवत्ता वाली शिक्षण तथा अनुसंधान सुविधाएं प्रदान करना है।

5.) उपाधि और प्रमाणपत्र प्रदान करने के लिए बौद्ध दार्शनिक और सांस्कृतिक अध्ययन की विभिन्न शाखाओं के साथ–साथ अन्य संबंधित अध्ययनों में अध्ययन और अनुसंधान के विभिन्न पाठ्यक्रमों के लिए निर्देश प्रदान करना है।

6.) अध्ययन के उपर्युक्त क्षेत्र में और बौद्ध दर्शन की ऐसी अन्य संबंधित शाखाओं में शोध, प्रकाशन, जीर्णोद्धार और शिक्षा की उन्नति और ज्ञान के प्रसार के लिए सुविधाएं प्रदान करना, जैसा कि संस्थान उचित समझे।

7.) विश्व के किसी भी भाग में स्थित संस्थान के समान उद्देश्यों वाले शैक्षिक और अन्य संस्थानों के साथ इस प्रकार से सहयोग करना, जो उनके सामान्य उद्देश्यों के लिए अनुकूल हो।

8.) भारत और अन्य देशों से बौद्ध दर्शन एवं सांस्कृतिक अध्ययन के विद्वानों को व्याख्यान के लिए आमंत्रित करना, और बौद्ध दर्शन तथा संस्कृति पर संगोष्ठी, विचार–विमर्श और प्रवचन आयोजित करना।

9.) ऐसे सभी कार्यों को करना जो कि संस्थान के आंशिक या सम्पूर्ण उद्देश्यों को प्राप्त कराने में आवश्यक, प्रासांगिक एवं सहायक हों।

3. संस्था

संस्थान को सम विश्वविद्यालय का दर्जा दिया जाने के परिणामस्वरूप, यूजीसी द्वारा समय–समय पर संशोधित यूजीसी (सम विश्वविद्यालय संस्थान) विनियमों के अनुसार संस्था के संगम ज्ञापन और नियम एवं विनियमों को संशोधित किया जाना था। तदनुसार, इसे यूजीसी सम विश्वविद्यालय संस्थान (संशोधन) विनियम 2023 के अनुसार संशोधित किया जाना है। हालाँकि, ''केन्द्रीय बौद्ध विद्या संस्थान की समाज'' की संरचना यूजीसी (सम विश्वविद्यालय संस्थान) विनियम

2016 के अनुसार तैयार की गई है। मौजूदा समाज की संरचना को परिशिष्ट पृष्ठ संख्या .....पर दर्शाया गया है।

4. प्रबंधन

प्रबंधन के बोर्ड

संस्थान का प्रबंधन निदेशक/कुलपति, केंद्रीय बौद्ध विद्या संस्थान, लेह की अध्यक्षता में गठित एक प्रबंधकारिणी के द्वारा सम्पन्न होता है। इस प्रबंधकारिणी के सदस्यों का संगठन विभिन्न मंत्रालयों, विभागों, संघों, विश्वविद्यालयों तथा बौद्ध विद्वानों के प्रतिनिधियों से बना है। पदेन सदस्यों और कुलपति के अतिरिक्त प्रबंधन बोर्ड के सभी सदस्य तीन साल की अवधि के लिए पद पर रहेंगे और डीन के मामले में, कार्यकाल तीन साल या जब तक वे डीन का पद धारण करेंगे, तब तक होगा, इनमें से जो भी पहले हो। वर्ष के दौरान, केंद्रीय बौद्ध विद्या संस्थान, लेह के प्रबंधन बोर्ड की बैठक 11–08–2023 को संचलन आधार पर आयोजित की गई। प्रबंधन बोर्ड की वर्तमान संरचना परिशिष्ट के रूप में पृष्ठ सं. –– पर दर्शायी गई है।

विद्या परिषद

संगम–ज्ञापन और नियमों एवं विनियमों के अनुसार, संस्थान के अकादमिक मामलों में बोर्ड को सलाह देने के लिए प्रतिष्ठित विद्वानों और शिक्षाविदों से मिलकर एक अकादमिक परिषद की संरचना की गई है। संबंधित क्षेत्रों में बोर्ड को सलाह देने की आवश्यकता के अनुसार विद्या परिषद की एक शैक्षणिक वर्ष में कम से कम चार बार बैठक होती है। इस परिषद की वर्तमान संरचना परिशिष्ट के रूप में पृष्ठ सं. –– पर दर्शायी गई है।

वित्त समिति

संस्थान के संगम ज्ञापन और संस्थान के नियम एवं विनियम के अनुसार कुलपति की अध्यक्षता में एक वित्त समिति का गठन किया जाता है। वित्त समिति खातों की जॉच करने और व्यय के प्रस्तावों की जॉच करने के लिए एक शैक्षणिक वर्ष में कम से कम चार बार बैठक होती है। वित्त समिति की बैठकें 12–06–2023 और 16–10–2023 को आयोजित की गईं। इस समिति की वर्तमान संरचना परिशिष्ट के रूप में पृष्ठ सं. –– पर दर्शायी गई है।

प्रकाशन समिति

संस्थान हिमालय की कला, संस्कृति एवं भाषा से सम्बद्ध दुर्लभ ग्रन्थों तथा पाण्डुलिपियों का प्रकाशन भी करता रहा है। इन दुर्लभ ग्रन्थों/पाण्डुलिपियों को प्रेस में भेजने से पूर्व इनके प्रकाशन की समीक्षा एवं उपदोगिता प्रमाणित करने के लिए प्रकाशन समिति के समक्ष रखा जाता है। यह समिति प्रकाशन के क्षेत्र में प्रख्यात विद्वानों एवं विशेषज्ञों को जोड़कर बनी है। इस समिति की वर्तमान संरचना परिशिष्ट के रूप में पृष्ठ सं. –– पर दर्शायी गई है।

पुस्तकालय समिति

विषय विशेषज्ञों के अलावा, पुस्तकालय समिति में पुस्तकालय और सूचना विज्ञान के क्षेत्र के विशेषज्ञ भी शामिल होते हैं, जो पुस्तकालय के लिए खरीदी जाने वाली पुस्तकों की संस्तुति करते हैं और साथ ही अतिरिक्त कर्मचारियों, मशीनों की आवश्यकताओं सहित पुस्तकालय के उन्नयन और सुधार के लिए समय–समय पर उपकरण, डिजिटलीकरण, कैटलॉगिंग आदि संस्तुति करते हैं। इस समिति की वर्तमान संरचना को परिशिष्ट के रूप में पृष्ठ सं. –– पर दर्शायी गई है।

शोध समिति

संस्थान की शोध–समिति शोधवृत्ति हेतु शोध–छात्रों का चयन करने के लिए साक्षात्कार का कार्य–संचालन करती है और विषय–संक्षेप तथा शोध–कार्य की प्रगति की समीक्षा करती है। इस समिति की वर्तमान संरचना परिशिष्ट के रूप में पृष्ठ सं. ––दर्शायी गई है।

5. निधि

भारत सरकार के संस्कृति मंत्रालय के अंतर्गत संस्कृति विभाग इस संस्थान को सम्पूर्ण आर्थिक अनुदान प्रदान करता है। वर्ष 2023–24 के लिए संस्कृति मंत्रालय, भारत सरकार ने प्रबन्धन समिति, के.बौ.वि.वि., लेह द्वारा अनुमोदित संस्थान की विभिन्न योजनाओं को कार्यान्वित करने के लिए ₹ 3810.35 लाख स्वीकृत किए हैं।

6. कर्मचारी संख्या

संस्थान के प्रशासनिक अधिकारी तथा अन्य कर्मचारियों के सहयोग से संस्थान के कुलपति एक प्रमुख प्रशासनिक अधिकारी के रूप में संस्थान का पर्यवेक्षण करते हैं। केन्द्रीय बौद्ध विद्या संस्थान, लेह के कर्मचारियों की पदेन–वार संख्या, शैक्षणिक एवं शिक्षणेतर श्रेणी का पृथक् विवरण परिशिष्ट पृष्ठ संख्या –– पर दर्शाया गया है।

7. संकाय तथा विभाग

इस संस्थान को विश्वविद्यालय की पद्धति पर सुचारु तथा प्रभावी रूप से चलाने के लिए बौद्ध विहारों की परम्परा, पाँच महाविद्याओं के आधार पर संस्थान में संकायों एवं विभागों की स्थापना की गई है, जो निम्न प्रकार से है ।

1. अध्यात्म तथा न्यायविद्या संकाय (Faculty of Philosophy and Logic)

2. शब्दविद्या संकाय (Faculty of Literature and Language)
3. सोवा रिगपा (भोट चिकित्सा) एवं शिल्प विद्या संकाय (Faculty of Bhot Medical Sciece and Arts)
4. आधुनिक विद्या संकाय (Faculty of Modern Studies)

इस के अतिरिक्त उक्त संकायों को इनके अध्ययन के अनुसार विभिन्न विभागों में विभाजित किया गया है, जिनका वर्णन निम्नप्रकार है :

1. अध्यात्म तथा न्यायविद्या संकाय (Faculty of Philosophy and Logic)

यह संकाय मूलशास्त्र एवं विभिन्न सम्प्रदायों की शाखाओं सहित तीन विभागों से बना है। बौद्ध विहारों की प्रणाली के अनुसार अध्यात्म तथा न्यायविद्या दो स्वतन्त्र विद्याएँ हैं, जिनके अनेक विभाग हैं, परन्तु संस्थान के पाठ्यक्रम की अनुकूलता के लिए इनको साथ रखा गया है। उपरोक्त संकाय के अंतर्गत निम्न विभाग हैं–

i) भोट बौद्ध दर्शन विभाग
ii) संस्कृत बौद्ध दर्शन विभाग
iii) सम्प्रदाय शास्त्र विभाग

2. शब्दविद्या संकाय (Faculty of Literature and Languages)

यह संकाय विभिन्न विभागों से बना है, जिनका विवरण निम्नलिखित है:

i) भोट साहित्य विभाग
ii) शास्त्रीय भाषाओं का विभाग (संस्कृत और पालि)
iii) आधुनिक भाषाओं का विभाग (अंग्रेजी और हिन्दी)

3. सोवा रिगपा (भोट चिकित्सा) एवं शिल्पविद्या संकाय (Faculty of Bhot Medical Science and Arts)

संस्थान हिमालय की परम्परागत कला तथा संस्कृति को संरक्षण देने और उन्नत करने में अत्यधिक रुचि ले रहा है। तदनुसार इस क्षेत्र की कला तथा संस्कृति को संरक्षित एवं उन्नत करने हेतु निम्न विभागों की स्थापना की गई है :

i) **सोवा रिगपा तथा ज्योतिष विभाग**

रोगियों को जड़ी–बूटियों से निर्मित औषधियाँ उपलब्ध कराना इस क्षेत्र की सैकड़ों वर्ष से चली आ रही प्राचीन परम्परा है। इस प्रदेश में जब ऐलोपेथिक दवा नहीं थी, उस समय आमची विद्या (भोट चिकित्सा) ही अधिक प्रसिद्ध थी। वर्तमान समय में भी इस प्रदेश के लोग आमची (भोट चिकित्सा) को सर्वाधिक उपयोगी मानते हैं, क्योंकि इससे दुष्प्रभाव नहीं होते हैं। अब भारत सरकार ने सोवा रिगपा को एक पारंपरिक और उपयोगी चिकित्सा प्रणालियों के रूप

में मान्यता दी है। इसलिए लोग सोवा रिगपा चिकित्सा प्रणाली को चुनते हैं। उक्त बातों को ध्यान में रखकर संस्थान इच्छुक विद्यार्थियों को आमची (भोट चिकित्सा विद्या) की शिक्षा प्रदान कर रहा है। बारहवीं उत्तीर्ण विद्यार्थी, जिन्हें भोटी भाषा का पर्याप्त ज्ञान है, केवल वे ही बैचलर ऑफ सोवा रिगपा दवा और शल्य चिकित्सा एंड सर्जरी (बी.एस. आर.एम.एस) कोर्स में प्रवेश के लिए सुयाग्य हैं। ऐसे अनेक विद्यार्थी हैं, जिन्हें उक्त उपाधि प्राप्त हुई है और वे आज सरकारी एवं गैर–सरकारी पदों पर आमची कार्य कर रहे हैं।

भोट ज्योतिष और खगोल विज्ञान एक और ऐसा क्षेत्र है जिसे संरक्षित करने की आवश्यकता है। यह विभाग भोटी साहित्य में प्रतिपादित ज्योतिष और ब्रह्मांड विज्ञान का इतिहास और उनका समाज और संस्कृति से कैसे संबंध है, यह सिखाता है। अतीत में, ज्योतिषीय चार्ट बनाने और उनका अध्ययन करने के लिए ज्यामिति और खगोल विज्ञान के ज्ञान की आवश्यकता होती थी। थंका चित्र के लिए भी ज्यामिति और खगोल विज्ञान का ज्ञान आवश्यक है।

ii) पारंपरिक कला और शिल्प विभाग

(क) थंका चित्रकला विभाग

थंका चित्रकला इस क्षेत्र में बहुत प्रसिद्ध है। लद्दाख के बौद्ध विहारों में यह कला अत्यन्त प्रसिद्ध है, जिनमें विभिन्न प्रकार के थंका–चित्र एवं भित्ति–चित्र दिखाई पड़ते हैं। अलची विहार के भित्ति–चित्र तथा लामायुरु गोनपा के थंका–चित्र बहुत प्रसिद्ध हैं। इन विहारों में कुछ थंकाएँ हज़ारों वर्ष पुरानी हैं, जिनका आज भी दर्शन किया जा सकता है। इसके अतिरिक्त यहाँ के प्रत्येक गाँव में एक गोनपा अवश्य दिखाई पड़ता है, जिसमें थंकाओं, भित्ति–चित्रों एवं मूर्तियों का अपार भण्डार है। गर्मी के समय में दुनिया भर से पर्यटक ल लद्दाख में स्थित थंकाओं, भित्ति–चित्रों, मूर्तियों तथा अन्य धार्मिक वस्तुओं से सुसज्जित बौद्ध विहारों का दर्शन करने आते हैं। संस्थान छात्रों के लिए थंका चित्रकला में विशेषज्ञता के साथ बैचलर ऑफ फाइन आर्ट्स पाठ्यक्रम चलाता है। थंका बनाने की सदियों पुरानी परम्परा को जीवित रखने के लिए अनेक विद्यार्थी इस पाठ्यक्रम का प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं।

(ख) हिमालयी मूर्तिकला विभाग

लद्दाख क्षेत्र में मिट्टी से मूर्तियों तथा मुखौटों का निर्माण करना एक सामान्य बात है। जैसा कि ऊपर उल्लेख किया गया है कि यहाँ के बौद्ध विहार मूर्तियों एवं मुखौटों से परिपूर्ण हैं। यहाँ के प्रत्येक विहार में विशेष तिथि पर धार्मिक त्योहार अर्थात् गुस्तोर/दोस्मोछे/छे–चु मनाए जाते हैं। इस अवसर पर विभिन्न प्रकार के बुद्धों, बोधिसत्वों, इष्टदेवों आदि की वेश–भूषा एवं मुखौटा धारण कर मुखौटा–नृत्य जो छमस् के रूप में प्रदर्शन किया जाता है, जो अत्यंत प्रसिद्ध है। संस्थान ने विद्यार्थियों को बुद्धों, बोधिसत्वों, देवी–देवताओं, इष्टदेवों आदि की मूर्तियों के निर्माण हेतु कला के प्रशिक्षणार्थ व्यवस्था कर रखी है। इच्छुक विद्यार्थी, जो बारहवीं कक्षा उत्तीर्ण कर चुके है, उन्हें हिमालयी मूर्तिकला में विशेषज्ञता के साथ बैचलर ऑफ फाइन आर्ट्स पाठ्यक्रम प्रदान किया जाता है। वर्तमान में अनेक विद्यार्थी उक्त पाठ्यक्रम के अन्तर्गत प्रशिक्षण

ले रहे हैं।

(ग) हिमालयी काष्ठकला विभाग :

प्राचीन काल में लद्दाख में पुस्तकों के प्रकाशन हेतु कोई मुद्रण यन्त्र उपलब्ध नहीं था। ऐसी स्थिति में लोग लकड़ी के ब्लॉकों से धार्मिक ग्रन्थों या अन्य ग्रन्थों की प्रतिलिपि प्राप्त कर लेते थे। धार्मिकग्रन्थों की लिपियाँ विशेषकर कठोर लकड़ी के ब्लॉक पर नियमित रूप से खोदी जाती हैं, जिससे बाद में पढ़ने के लिए किसी कागज़ पर छपाई की जा सके। एक बार किसी लकड़ी के ब्लॉक पर खुदाई हो जाने पर ज़ेरक्स मशीन की तरह उससे हज़ारों बार प्रतिलिपियाँ निकाली जा सकती हैं। प्राचीन काल में लद्दाख में यह कला अत्यन्त प्रसिद्ध थी। यहाँ बौद्ध विहारों एवं बौद्ध गृहों के छत पर पाँच रंगों की पताकाएँ फहराने की परम्परा है, जिन्हें दरचोग के नाम से जाना जाता है और मुख्य द्वारों पर बड़ी लम्बी पताका फहराई जाती हैं जो दरछेन कहलाती हैं। कपड़े की पताकाओं पर लकड़ी के ब्लॉकों से सूत्रपाठ, मन्त्र, लुङ्ता एवं ग्यलछ़न चेमो (द्वजाग्र) छापे जाते हैं, जो आध्यात्मिक शक्ति का प्रतीक हैं। उक्त काष्ठकला के निरन्तर संरक्षण के उद्देश्य से संस्थान ने हिमालयी काष्ठकला में विशेषज्ञता के साथ बैचलर ऑफ फाइन आर्टस के पाठ्यक्रम शुरू किए है। इस पाठ्यक्रम के अंतर्गत छात्र लकड़ी के ब्लॉक के निर्माण के अतिरिक्त साज–सज्जा वस्तु, यथा– ड्रेगन, पक्षी, सिंह, घोड़ा आदि जन्तुओं एवं अन्य वस्तुओं की निर्माण कला का भी प्रशिक्षण लेते हैं। लद्दाख क्षेत्र में यह कला अत्यन्त प्रसिद्ध है और व्यक्ति अपनी जीविका के लिए इसे अच्छा व्यवसाय मानता है।

4. आधुनिक विद्या संकाय (Faculty of Modern Studies)

इस संकाय के अंतर्गत तीन विभाग हैं, जो निम्न प्रकार हैं :

i) बौद्ध पुराणेतिहास विभाग

ii) तुलनात्मक दर्शन विभाग

iii) सामाजिक विज्ञान विभाग (इतिहास, राजनीतिक विज्ञान/अर्थशास्त्र/शारीरिक शिक्षा)

नवीन प्रवेश

लद्दाख, हिमाचल प्रदेश और उत्तराखंड के विभिन्न मठों में स्थित गोनपा/ननरी स्कूलों, जो केन्द्रीय बौद्ध विद्या संस्थान के फीडर स्कूल हैं, उनमें छात्रों को सीधे प्रवेश दिया जाता है। निर्धारित प्रवेश के नियमों के अन्तर्गत प्रवेश समिति द्वारा साक्षात्कार के आधार पर छात्रों को कक्षा 6 से 9 तक छात्रों को इन कक्षाओं में सीटों की उपलब्धता के अधीन प्रवेश परीक्षा के आधार पर प्रवेश दिया जाता है। संस्थान के शाखा गोनपा विद्यालयों के विद्यार्थियों को संस्थान में सीधे प्रवेश दिया जाता है।

विश्वविद्यालय की कक्षाओं में कक्षा 12 (उ.म.) उत्तीर्ण करने के बाद प्रवेश दिया जाता है। इस के अतिरिक्त

छात्रों को बैचलर ऑफ फाइन आर्ट्स थंका चित्रकला, बैचलर ऑफ फाइन आर्ट्स भोट ज्योतिष और खगोल विज्ञान, बैचलर ऑफ फाइन आर्ट्स हिमालयी मूर्तिकला, बैचलर ऑफ फाइन आर्ट्स हिमालयी काष्ठकला, बैचलर ऑफ सोवा रिगपा ढवा और शल्य चिकित्सा एंड सर्जरी में भी सीटों की उपलब्धता के आधार पर प्रवेश दिया जाता है। आयुष मंत्रालय द्वारा बैचलर ऑफ सोवा रिगपा ढवा और शल्य चिकित्सा एंड सर्जरी पाठ्यक्रम में केन्द्रीय बौद्ध विद्या संस्थान, लेह को पंद्रह सीटें आवंटित की गई है और छात्रों को शैक्षणिक सत्र 2022–23 से सोवा रिगपा के लिए राष्ट्रीय पात्रता–सह–प्रवेश परीक्षा एनसीआईएसएम–नीट–एसआर (यूजी), के माध्यम से इस पाठ्यक्रम में प्रवेश दिया जाता है।

8. संगोष्ठी/परिसंवाद/कार्यशाला

केंद्रीय बौद्ध विद्या संस्थान (सम विश्वविद्यालय), लेह देश में बौद्ध अध्ययन के लिए एक अत्यन्त महत्वपूर्ण संस्थानों में से एक है। विगत वर्षों में विभिन्न कार्यक्रमों के माध्यम से राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहुँच बढ़ा रहा है। वर्ष 2023–24 के दौरान आयोजित किए गए संगोष्ठी/परिसंवाद/कार्यशाला आदि कार्यक्रमों का विवरण निम्न प्रकार है:

1. संस्थान के संस्कृत बौद्ध दर्शन विभाग ने 75 वें आज़ादी का अमृत महोत्सव के क्रम में 20 मई, 2023 को एक विशेष व्याख्यान कार्यक्रम आयोजित किया, जिसमें संस्थान के सेवानिवृत एसोसिएट प्रो. उर्ग्यन डोडुल मुख्य अतिथि के रूप में थे और सेवानिवृत आचार्य छुलठीम ग्याछो मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित थे। कार्यक्रम में विभागाध्यक्ष और समन्वयक गेशे डगपा कलसांग, शिक्षक और छात्र उपस्थित थे।

2. भोटी भाषा और साहित्य विभाग द्वारा भारतीय ऐतिहासिक अनुसंधान परिषद, नई दिल्ली के सहयोग से दिनांक 24 से 26 अगस्त, 2023 तक ''भोटी भाषा और साहित्य, भोटी साहित्य के ऐतिहासिक विकास और उसकी पद्धति के विशेष संदर्भ में'' विषय पर तीन दिवसीय संगोष्ठी का आयोजन किया गया। लद्दाख स्वायत्त पहाड़ी विकास परिषद, लेह के माननीय अध्यक्ष, वकील टशी ग्यालछन, उद्घाटन समारोह के मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे और लद्दाख के माननीय सांसद श्री जमयांग छेरिंग नामग्याल, लद्दाख बौद्ध महासंघ तथा लद्दाख गोनपा संघ के अध्यक्ष इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि के रूप में

उपस्थित थे। इसके अतिरिक्त, विभिन्न विश्वविद्यालयों के विद्वानों को आमंत्रित किया गया है और उन्होंने अपने बहुमूल्य

लेख प्रस्तुत किए। लद्दाख के विद्वानों, विश्वविद्यालय के शिक्षकों और छात्रों ने भी संगोष्ठी के विभिन्न सत्रों में अपने शोध पत्र प्रस्तुत किए। इस संगोष्ठी के समापन समारोह की अध्यक्षता लद्दाख गोनपा संघ के अध्यक्ष ने की। इस समारोह में लद्दाख के आम जनता, संस्थान के संकाय सदस्य और विश्वविद्यालय परिसट के छात्र शामिल हुए।

3. केंद्रीय बौद्ध विद्या संस्थान (सम विश्वविद्यालय), चोगलमसर, लेह के भोट बौद्ध दर्शन विभाग तथा चार संप्रदाय शास्त्र विभागों ने भारतीय दार्शनिक अनुसंधान परिषद (आईसीपीआर), नई दिल्ली के सहसयोग से 28 सितंबर, 2023 से 1 अक्टूबर, 2023 तक ''मध्यमिका प्रणाली के विकास में मध्यमिकालंकार का महत्व'' विषय पर चार दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन किया। इस अवसर पर परम पूज्य ङोर पोनलोप रिनपोछे मुख्य अतिथि के रूप में संगोष्ठी के उद्घाटन समारोह को आशीर्वाद दिया। प्रो. राजेश रंजन, माननीय कुलपति, कें.बौ.वि.सं., लेह ने समारोह की अध्यक्षता की। संगोष्ठी के दौरान विभिन्न विश्वविद्यलयों और मठीय विश्वविद्यलयों से आमंत्रित विद्वानों ने विषय से संबंधित अपने बहुमूल्य पत्र प्रस्तुत किए। समारोह में संस्थान के संकाय सदस्य, छात्र उपस्थित थे। इसके अतिरिक्त, लद्दाख के आम जनता ने भी संगोष्ठी में भाग लिया।

इस संगोष्ठी का समापन समारोह 1 अक्टूबर, 2023 को हुआ। इस अवसर पर अखिल लद्दाख बौद्ध संघ के उपाध्यक्ष श्री छेरिंग दोरजे मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थे। विद्वानों, संस्थान के संकाय सदस्यों और छात्रों ने अपनी उपस्थिति से समारोह को सफल बनाया।

4. दिनांक 2 सितंबर, 2023 को भोट बौद्ध दर्शन विभाग, ञीङमा संप्रदाय विभाग, कार्यग्युद संप्रदाय विभाग, सक्या

संप्रदाय विभाग और गेलुग संप्रदाय विभाग ''जुङ कपो. थ ल्ङ (पाँच प्रमुख शास्त्र)'' विषय पर एक दिवसीय आंतरिक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में कें.बौ.वि.सं., लेह के माननीय कुलपति प्रो. राजेश रंजन उपस्थित थे। संगोष्ठी के दौरान विश्वविद्यालय के पांच छात्रों ने बौद्ध धर्म के पांच मौलिक शास्त्रों पर अपने शोधपत्र प्रस्तुत किए, जो इस प्रकार है, प्रमाण, मध्यमिका, प्रज्ञापारमित, अभिधर्मकोश

और विनय।

5. संस्थान के भोट बौद्ध दर्शन विभाग और संप्रदाय शास्त्र के चार विभागों द्वारा विश्वविद्यालय के छात्रों और वरिष्ठ उच्च माध्यमिक विद्यालय, के.बौ.वि.सं. लेह के छात्रों के लिए 01–05–2023 से 01–07–2023 और 15–08–2023 से 15–09–2023 तक सुबह 9.30 से 10.00 बजे तक बौद्ध दर्शन पर तर्क–वितर्क का आयोजन किया। तर्क–वितर्क ज्ञान को बढ़ाने और बुद्धि तेज करने और संज्ञानात्मक क्षमताओं को विकसित करने के लिए सबसे अच्छी विधियों में से एक है। इस तर्क–वितर्क से छात्रों को कई लाभ हो सकते हैं, जिनमें आलोचनात्मक विचार और विश्लेषण, प्रभावी संचार और अभिव्यक्ति, बेहतर शोध और सूचना एकत्र करने का कौशल, प्रथक समस्या–समाधान और तर्क क्षमता और विविध दृष्टिकोणों को प्रोत्साहित करना और समझ को व्यापक बनाना शामिल है। यह दार्शनिक तर्क–वितर्क, शीघ्रता से विचार करने और जवाबदेही, आत्मविश्वास और सार्वजनिक बोलने के कौशल, सम्मानजनक असहमति तथा खुले विचारों को भी बढ़ावा प्रदान करता है।

9. विशेष व्याख्यान/अन्य शैक्षिक क्रियाकलाप

(1) ग्यल–स्रस बकुला रिनपोछे व्याख्यान माला

संस्थान प्रत्येक वर्ष ग्यल–स्रस बकुला रिनपोछे व्याख्यानमालाका आयोजन करता है। इस कार्यक्रम के अंतगर्त संस्थान विभिन्न विषयों पर विशेष व्याख्यान देने के लिए प्रतिष्ठित विद्वानों को आमंत्रित करता है।

(2) वार्षिक/मासिक पत्रिका

संस्थान 'रिगपे दुद्चि' नामक एक वार्षिक पत्रिका तथा 'लोमे गछ़ल' और एक मासिक समाचार–पत्र भोटी में प्रकाशित करता है, जिनमें संस्थान के अध्यापक, कर्मचारी एवं विद्यार्थी विभिन्न विषयों पर अपना लेख प्रस्तुत करते हैं।

विगत वर्ष में संस्थान के अध्यापकों, कर्मचारियों एवं विद्यार्थियों द्वारा विभिन्न क्रिया–कलापों में प्राप्त किए गए चित्रों को मासिक पत्रिका में विशेष रूप से प्रकाशित किया गया । इस के अतिरिक्त ग्रीन तारा गर्ल्स हॉस्टल के द्वारा "ग्रोल–ल्जंग गी स्रोन–मई" नामक एक मासिक समाचार पत्र निकाला जाता है। ये सम्पूर्ण रूप से एक सांस्थानिक पत्रिका है एवं इसमें पूर्ण रूप से संस्थान के स्वरूप तथा उद्देश्य

को ही सम्मिलित किया जाता है।

10. दवाइयों की सुविधा

(i) औषधालयः संस्थान की अपनी एक दवाखाना है, जहाँ से विद्यार्थी, अध्यापकों एवं कर्मचारियों और उनके परिवार के सदस्यों की स्वास्थ्य संबंधी आवश्यकताओं का ध्यान रखता है और उन्हें दवाएँ उपलब्ध कराई जाती हैं। एक स्टाफ नर्स और एक नर्सिंग अर्दली डिस्पेंसरी की देखभाल करते हैं। यह डिस्पेंसरी आवश्यकता अनुसार कर्मचारियों और छात्रों की स्वास्थ्य संबंधी आवश्यकताओं को पूरा करता है और इसे सुचारू संचालन के लिए दवाइयाँ और आवश्यक उपकरण खरीदता है। विभाग संस्थान के विभिन्न शिक्षकों, कर्मचारियों और छात्रों को दवाइयाँ वितरित करता है। वर्ष 2023–2024 के दौरान विभाग ने रु. 1,77,256.76 रुपये की दवाइयाँ खरीदीं। इसके अतिरिक्त, कुछ दवाइयाँ मुख्य चिकित्सा कार्यालय, लेह, केंद्र शासित प्रदेश लद्दाख से भी प्राप्त हुईं।

(ii) सोवा रिगपा अस्पताल : संस्थान में थेरेपी सेंटर के साथ 10 बिस्तरों का सोवा रिगपा अस्पताल है। इसमें बाह्य रोगी विभाग (ओपीडी), सोवा रिगपा ढवाई आदि, संपीड़न थेरेपी, शीत संपीड़न थेरेपी, गर्म तेल संपीड़न थेरेपी, मोक्सीबस्टन थेरेपी, गर्मी थेरेपी, औषधीय स्नान थ. रेपी और मालिश थेरेपी की सुविधाएँ उपलब्ध हैं। आम जनता सोवा रिगपा चिकित्सा उपचार का लाभ किसी भी कार्य दिवस पर सुबह 10.00 बजे से शाम 4.30 बजे तक ले सकती है।

सोवा रिगपा मेडिकल कॉलेज के छात्र इस संस्थान में पाँच वर्ष और छह महीने के लिए बैचलर ऑफ सोवा रिगपा मेडिसिन एंड सर्जरी (बीएसआरएमएस) कोर्स करते हैं। अब सोवा रिगपा अस्पताल मेडिकल कॉलेज से जुड़ा है, इसलिए छात्र आईपीडी और ओपीडी में व्यावहारिक कौशल देख और सीख सकते हैं। छात्र हमारे चिकित्सा केंद्र में चिकित्सा कौशल भी बढ़ा सकते हैं।

11. सोवा रिगपा मेडिकल कॉलेज और अस्पताल :

नालंदा परंपरा की सोवा–रिगपा चिकित्सा प्रणाली को संरक्षित करने के लिए , के.बौ.वि.सं. अब एनसीआईएसएम द्वारा मान्यता प्राप्त सोवा रिगपा मेडिकल कॉलेज और अस्पताल चला रहा है। यह पांच साल और छह महीने का कार्यक्रम प्रदान करता है, जिसका नाम है बैचलर ऑफ सोवा–रिगपा मेडिसिन एंड सर्जरी (बीएसआरएम) जिसमें हर वर्ष 15 छात्र प्रवेश ले सकते हैं। कॉलेज में आठ व्यावसायिक विभाग, दस बिस्तरों वाला एक अस्पताल है जिसमें चार विशेष आउटपेशेंट विभाग (ओपीडी), दो इनपेशेंट विभाग सर्जरी (आईपीडी) और एक द्प्याद–स्ब्योङ (पंचकर्म) विभाग है। एक फार्मास्यूटिकल्स यूनिट और एक हर्बल गार्डन है। आम जनता सोवा रिगपा चिकित्सा उपचार और अन्य सुविधाओं जैसे हॉट कम्प्रेशन थेरेपी, कोल्ड कम्प्रेशन थेरेपी, हॉट ऑयल कम्प्रेशन थेरेपी, मोक्सीबस्टन थेरेपी, हीट थेरेपी, मलिश स्नान थेरेपी, मालिश थेरेपी, पैथोलॉजिकल टेस्ट, सोवा रिगपा दवाइयाँ और ओपीडी परामर्श का लाभ सभी कार्य दिवसों में सुबह 10 बजे से शाम 4.30 बजे तक उठा सकते है।

के.बौ.वि.सं. इस सोवा रिगपा चिकित्सा प्रणाली को हिमालयी बौद्ध संस्कृति की एक अनूठी अभिव्यक्ति के रूप में मानता है और इसका संरक्षण पारंपरिक ज्ञान और प्रथाओं की निरंतरता सुनिश्चित करता है, सांस्कृतिक पहचान और विरासत को मजबूत करता है। सदियों से सोवा रिगपा हिमालय में प्राथमिक स्वास्थ्य सेवा प्रणाली रही है। दुर्गम क्षेत्रों में आधुनिक चिकित्सा सुविधाओं के अभाव में स्मानपा (सोपा रिगपा चिकित्सक) आज भी लोगों के लिए उपचार का विश्वसनीय स्रोत बने हुए हैं। इसलिए सोवा रिगपा पर शिक्षा प्रदान करने के मुख्य उद्देश्य हैं:

- छात्रों को इस चिकित्सा प्रणाली के अभ्यास में सुविधा प्रदान करना।
- छात्रों और सोवा रिगपा शोधकर्ताओं को अनुसंधान मार्गदर्शन प्रदान करना।
- स्मग्र स्वास्थ्य सेवा प्रणाली में योगदान देना।
- सोवा रिगपा कॉलेज की मोबाइल स्वास्थ्य सेवा इकाई के माध्यम से सामुदायिक सेवा प्रदान करना।

सोपा रिगपा का इतिहास और मौलिक सिद्धांत विभाग : शास्त्रीय सोवा रिगपा ग्रंथों के माध्यम से सोवा रिगपा के ऐतिहासिक विकास और दार्शनिक आधारों की खोज करता है, पारंपरिक चिकित्सा ज्ञान की वंशावली का पता लगाता

है और अभ्यास को रेखांकित करने वाले मूल दर्शन की जांच करता है।

मानव शरीर रचना विज्ञान और शरीर–क्रिया विज्ञान विभाग : इस विभाग को एनसीआईएम के न्यूनतम आवश्यक मानकों–2022 के साथ संरेखित करने के लिए बनाया गया है, जो मानव शरीर की संरचना और कार्य की गहन समझ प्रदान करता है, शास्त्रीय सोवा रिगपा सिद्धांतों और आधुनिक चिकित्सा विज्ञान दोनों को एकीकृत करता है और समकालीन निष्कर्षों के साथ पारंपरिक शारीरिक अवधरणाओं को संश्लेषित करता है।

मटेरिया मेडिका, फार्माकोलॉजी और फार्मास्यूटिक्स विभाग : यह विभाग औषधीय पौधों, खनिजों और सोवा रिगपा के अभिन्न अंग के निर्माण का अध्ययन करता है। यह सुरक्षित और प्रभावी चिकित्सीय तैयारियों को सुनिश्चित करने के लिए कठोर गुणवत्ता नियंत्रण विधियों के साथ–साथ पारंपरिक फार्मास्यूटिक्स को कवर करता है। एक व्यावहारिक प्रयोगशाला पाठ्यक्रम को बढ़ाती है, जो छात्रों को पारंपरिक उपचारों के प्रसंस्करण, निष्कर्षण, निर्माण और गुणवत्ता आश्वासन में व्यावहारिक अनुभव प्रदान करता है।

रोग निवारण और सोवा रिगपा पैथोलॉजी विभाग : यह विभाग रोग के कारणों को समझने, निदान पद्धतियों को विकसित करने और सोवा रिगपा ढांचे के भीतर निवारक स्वास्थ्य देखभाल रणनीतियों को लागू करने में माहिर है, जिसमें पैथोलॉजी के पारंपरिक सिद्धांतों को समकालीन निदान तकनीकों के साथ एकीकृत किया जाता है और समग्र कल्याण को बढ़ावा देने में एक प्रमुख तत्व के रूप योग अभ्यासों को शामिल किया जाता है।

बाहरी चिकित्सा और सर्जरी विभाग : यह विभाग पारंपरिक बाहरी उपचारों और छोटी शल्य चिकित्सा प्रक्रियाओं, व्यावहारिक दक्षता और रोगी सुरक्षा में छात्रों को प्रशिक्षित करने में संक्षय है। पाठ्यक्रम में द्प्याद–स्ब्योङ (पंचकर्म) चिकित्सा और डीप्याड जैसी तकनीकों को शामिल किया गया है।

सामान्य चिकित्सा विभाग : यह विभाग सोवा रिगपा सिद्धांतों और चिकित्सीय पद्धतियों के अनुसार समग्र दृष्टिकोण के माध्यम से

सामान्य बीमारियों के निदान और उपचार पर ध्यान केंद्रित किया जाता है।

बाल रोग और स्त्री रोग विभाग : यह विभाग सोवा रिगपा प्रणाली के भीतर बाल स्वास्थ्य, मातृ देखभाल और स्त्री रोग संबंधी उपचारों पर ध्यान केंद्रित करता है।

नैदानिक मनोविज्ञान और विष विज्ञान विभाग : यह विभाग बौद्ध सिद्धांतों के साथ शास्त्रीय सोवा रिगपा ज्ञान को जोड़कर मानसिक स्वास्थ्य प्रबंधन और पारंपरिक मनोरोग दृष्टिकोणा की खोज करने के लिए समर्पित है। पाठ्यक्रम चित्त, शरीर और आत्मा के परस्पर संबंध पर जोर देता है, जो शास्त्रीय सोवा रिगपा का एक मूल सिद्धांत है।

सोवा रिगपा कॉलेज का लक्ष्य छात्रों की संख्या 15 से बढ़ाकर 45 करके अपनी शैक्षणिक क्षमता को बढ़ाना और आधिकारिक रूप से राजपत्रित होने के बाद एनसीआईएसएम नियमों के तहत एमडी और पीएचडी कार्यक्रम शुरू करना है।

12. छात्र–विनियम कार्यक्रम

केंद्रीय बौद्ध विद्या संस्थान, लेह शीतकालीन अवकाश के दौरान केंद्रीय उच्च तिब्बती शिक्षा संस्थान के साथ छात्र विनियमक कार्यक्रम का आयोजन करता था। हालाँकि, रिपोर्ट के अनुसार वर्ष के दौरान यह कार्यक्रम आयोजित नहीं किया गया।

13. एसडब्ल्यूसी की नई कार्य कारिणी

छात्र कल्याण समिति (एसडब्ल्यूसी), के.बौ.वि.सं., लेह के नए कार्यकारी सदस्यों का चुनाव डीन, छात्र कल्याण की देखरेख में 10 अप्रैल, 2023 को संस्थान के इंटर–हाउस के छात्रों के बीच हुआ था। एसडब्लयूसी शिक्षाविदों से

संबंधित विभिन्न कार्यक्रम जैसे सम्मेलन, शीतकालीन कार्यशाला, संगोष्ठी आदि आयोजित करता है। प्राप्त रिपोर्ट के अनुसार, एसडब्लयूसी ने शैक्षणिक सत्र 2023–24 के दौरान तीन दिवसीय सम्मेलन और शीतकालीन कार्यशाला आदि का आयोजन किया गया, जिनका विवरण निम्न प्रकार हैं:

शीतकालीन कार्यशाला

केंद्रीय बौद्ध विद्या संस्थान (सम विश्वविद्यालय) की छात्र कल्याण समिति ने 17 दिसंबर, 2023 से 16 जनवरी, 2024 तक चलने वाली छठी शीतकालीन कार्यशाला का आयोजन किया। इस कार्यशाला का उद्घाटन संस्थान के माननीय कुलपति प्रो.राजेश रंजन द्वारा किया गया। इस अवसर पर संस्थान के प्रशासनिक अधिकारी, प्राचार्य, वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय शीतकालीन कार्यशाला के सभी चार शिक्षकों, परीक्षा नियंत्रक और छठी शीतकालीन कार्यशाला के प्रतिभागी उप. स्थिति थे। कुलपति महोदय इस बात से प्रसन्न थे कि छात्रों ने इस कार्यशाला का पहल की और अधिक ज्ञान प्राप्त किया। कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य एक गतिशील वातावरण को बढ़ावा देना है जो कौशल विकास और दर्शन, विभिन्न भाषाओं और विभिन्न गतिविधियों पर आधारित नवीन अवधारणाओं की खोज को प्रोत्साहित करता है। यह वातावरण प्रतिभागियों को अपनी छिपी प्रतिभा और कौशल को उजागर करने के लिए प्रोत्साहित करता है और हमें इस बात का पूरा भरोसा है कि छात्रों को मंच का सामना करने और अपने उद्देश्यों को व्यक्त करने के लिए अधिक आत्मविश्वास और सावधानी मिलेगी। कें.बौ.वि.सं. के वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय (एस.एस.एस.) और केंद्रीय बौद्ध विद्या संस्थान (सम विश्वविद्यालय) के कुल 50 छात्रों ने छठी शीतकालीन कार्याशाला में सक्रिय रूप से भाग लिया।

अखिल लद्दाख कॉलेज छात्र सम्मेलन

केंद्रीय बौद्ध विद्या संस्थान, लेह की छात्र कल्याण समिति ने केन्द्रीय उच्च तिब्बती शिक्षा संस्थान, सारनाथ, वाराणसी, उत्तर प्रदेश की छात्र कल्याण समिति तथा कला, संस्कृति और भाषा अकादमी, लेह, के सहयोग से दिनांक 4 से 6 जून, 2023 तक ''लद्दाख की संस्कृति और युवा जिम्मेदारी'' विषय पर तीन दिवसीय छठे वें अखिल लद्दाख

कॉलेज छात्र सम्मेलन का आयोजन धर्मासेंटर, चोगलामसर में किया।

सम्मेलन में समृद्ध लद्दाखी संस्कृति की उद्धार और संरक्षण से संबंधित महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा की गई। उद्घाटन समारोह में मुख्य अतिथि परम पूज्य स्क्यबजे बकुला रंगडोल ञीमा थे तथा इस अवसर पर अन्य विशिष्ट अतिथि भी उपस्थित थे। कें.बौ.वि.सं., लेह के छात्रों के अलावा कें.उ.ति.शि.सं., सारनाथ, वाराणसी, राजकीय बालिका उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, लेह, लद्दाख पब्लिक स्कूल, लेह, सिद्धार्थ हाई स्कूल, स्तोग, लेह, महाबोधी आवासीय विद्यालय, साबू थांग, लेह, जवाहर नवोदय विद्यालय, लेह, राजकीय हाई स्कूल, छुशोद, लमडोन मोर्डेने सीनियर से. केंडरी स्कूल, लेह तथा डुग पद्मा करपो, शे के छात्रों ने भी सम्मेलन में भाग लिया। इस सम्मेलन में प्रख्यात शिक्षाविदों और शैक्षिक प्रशासकों ने भाग लिया और सभा को संबोधित किया। दिनांक 6 जून 2023 को समापन समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर गेशे छेवङ दोरजे, निदेशक, ङरिस सस्थान, साबू मुख्य अतिथि के रूप में उप. स्थित रहे और भोटी भाषा और साहित्य विभाग के अध्यक्ष खनपो कोनछोग थुपस्तान अतिथि के रूप में उपस्थित थे। अति महत्वपूर्ण व्यक्तियों ने अपने संबोधन में प्रचीन समृद्ध लद्दाखी संस्कृति को पुनर्स्थापित और संरक्षित करने पर एक बहुत ही महत्वपूर्ण सम्मेलन आयोजित करने के लिए सभी प्रतिभागी छात्रों की सराहना की। सम्मेलन के समापन समारोह के अवसर पर सभी प्रतिभागियों को सहभागिता प्रमाण पत्र प्रदान किए गए।

एक दिवसीय स्वास्थ्य परामर्श सत्र

केंद्रीय बौद्ध विद्या संस्थान, लेह की छात्र कल्याण समिति ने अतिरिक्त पाठ्यक्रम संयोजक के सहयोग से 19 मई, 2023 को एक दिवसीय प्रभावी और ऊर्जावान स्वास्थ्य परामर्श सत्र का आयोजन किया। इस कार्यक्रम के लिए प्रसिद्ध डॉ.नोरदन ओदज़ेर और उनके साथियों को आमंत्रित किया गया था। संस्थान के माननीय कुलपति प्रो. राजेश रंजन ने डॉ.नोरदन ओदज़ेर और उनके साथियों को खादग्स भेंट कर सम्मानित किया। विश्वविद्यालय परिसर के संकाय सदस्य, कर्म. चारी और छात्र तथा वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, कें.बौ.वि.सं. के कर्मचारी और छात्र इस सत्र में शामिल हुए और बातचीत का एक शानदार अवसर प्रदान किया।



कार्यक्रम के दौरान, विशेषज्ञों ने विभिन्न बीमारियों पर चर्चा की, जो जंक फूड, फास्ट फूड और परिष्कृत उत्पादों के असीमित मात्रा में सेवन के नकारात्मक प्रभाव के कारण हो सकती हैं। माननीय कुलपति महोदय ने परामर्श सत्र की बहुत सराहना की और सूचनात्मक और मूल्यवान परामर्श सत्र के लिए आभार व्यक्त किया। इसके अतिरिक्त, कें.बौ.वि.सं. लेह की छात्र कल्याण समिति ने 13 मई, 2023 को तीन दिवसीय सांस्कृतिक कार्यशाला, 25 मई, 2023 को ग्रीन तारा गर्ल्स हॉस्टल में महिला स्वास्थ्य सम्मेलन और कें.

बौ.वि.सं. लेह के 8वें एस.डब्लयू.सी के सम्मान में विदाई पार्टी का आयोजन किया।

14. शैक्षिक यात्रा

केंद्रीय बौद्ध विद्या संस्थान (सम विश्वविद्यालय) लेह प्रत्येक वर्ष छात्रों के लिए शैक्षणिक यात्रा का आयोजन करता है। शैक्षणिक भ्रमण के दौरान छात्र भारत के विभिन्न राज्यों में महत्वपूर्ण ऐतिहासिक और पुरातात्विक स्थलों का भ्रमण करते हैं। इस वर्ष संस्थान के माननीय कुलपति प्रो.राजेश रंजन ने संस्थान के विभिन्न कक्षाओं के 47 छात्रों के एक समूह को 16 सितंबर, 2023 को 15 दिनों के शैक्षणिक भ्रमण के लिए रवाना किया। इस यात्रा का नेतृत्व गेलुग संप्रदाय विभाग के सहायक प्रोफेसर गेशे लोबजांग छुलठीम और अंग्रेजी विभाग की सहायक प्रोफेसर (अनुबंधित) सुश्री लोबज़ांग युडोल ने किया। शैक्षणिक भ्रमण यात्रा का यह दल दिनांक 16 सि. तंबर, 2023 शाम को कश्मीर पहुँची और 17 सितंबर को उन्होंने कश्मीर के विभिन्न ऐतिहासिक स्थलों जैसे हरवान में एक पुराने बौद्ध मठ के खंडहर, निशात बाग, शालीमार बाग और डल झील आदि का दौरा किया। अगले दिन, 18 सितंबर को वे जम्मू पहुँचे और जम्मू चिड़ियाघर आदि का दौरा किया। धर्मशाला में, छात्रों ने धर्मशाला मठ विश्वविद्यालय, पुस्कालय, ग्युतोद मठ, नोरबुलिंगा संस्थान का दौरा किया। धर्मशाला के बाद यह दल हिमाचल प्रदेश के मंडी पहुँची, जहाँ, उन्होंने रिवालसर झील के दर्शन किए, जो छो पद्मा के नाम से भी जाना जाता है। साथ ही उन्होंने आसपास के मठों के भी दर्शन किए। दिनांक 24 सितंबर, 2023 को यह दल मनाली पहुँचा और वहाँ दर्शनीय स्थलों की यात्रा की। छात्रों ने स्पीति के सबसे प्रचीन और प्रसिद्ध ताबो मठ के साथ–साथ वहाँ के कुछ ऐतिहासिक रूप से महत्वपूर्ण स्थानों और मठों का दौरा किया। अंततः यह दल शिंगकुनला दर्रा पार करके 1 टक्टूबर, 2023 को ज़ांस्कर के रास्ते लेह लौट आए।

इसके अतिरिक्त, लद्दाख आमची सभा के सहयोग से सोवा रिगपा विभाग द्वारा 4 से 10 अगस्त, 2023 तक सकटी और टांगचे दुरबुग के बीच स्थित चांगला दर्रे तक एक सप्ताह की हर्बल औषद्यीय भ्रमण यात्रा का आयोजन किया गया। इस यात्रा का मुख्य उद्देश्य हर्बल औषधीय पौधों की पहचान करना और उन्हें एकत्र करना तथा छात्रों को व्यावहारिक अनुभव प्रदान करना और सोवा रिगपा के औषधीय पौधों की उनकी समझ को समृद्ध करना था। संस्थान के सोवा रिगपा विभाग द्वारा 27 अगस्त, 2023 को विश्व प्रसिद्ध दर्रे खारदुंगला तक एक दिवसीय औषधीय पौधों की भ्रमण यात्रा आयोजित की गई। विभाग के छात्रों ने संकाय फार्मेसी इकाई के लिए औषधीय पौधे एकत्र किए।

15. प्रकाशन

संस्थान ''लाद्दख–प्रभा'' शीर्षक के अन्तर्गत संस्थान द्वारा आयोजित राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय संगोष्ठियों की कार्यावाही सहित विभन्न विषयों पर दुर्लभ और मूल्यवान पुस्तकें प्रकाशित करता है। वर्ष 2023–24 के दौरान संस्थान ने भोटी में कक्षा शास्त्री–तृतीय मुख्य पाठ्य पुस्तक (छठे सेमेस्टर) और शास्त्री–तृतीय सम्प्रदाय शास्त्र पाठ्य पुस्तक (छठे सेमेस्टर) दो पाठ्य पुस्तकें प्रकाशित कीं।

16. शोध कार्य

संस्थान ने रिसर्च स्कॉलर्स के लिए आठ संस्थागत फेलोशिप की स्थापन की है। अनुसंधान का कार्य विभिन्न विषयों अर्थात बौद्ध दर्शन, हिमालयी बौद्ध संस्कृति, और संबंधित क्षेत्रों में संचालित किए जा रहे हैं। तदनुसार, इस वर्ष सात शोधार्थियों को पीएचडी की उपाधि प्रदान की गई है।

17. परिसर

यह संस्थान लेह शहर के दक्षिण की ओर आठ किलोमीटर दूर चोगलमसर में सिंधु नदी के तट पर स्थित है। इसके दो परिसर हैं–नवीन और पुराना परिसर। पुराना परिसर 23 कनाल के क्षेत्रफल में स्थित है। इसमें कक्षा 6 से 12 तक के कनिष्ठ छात्रों के लिए कक्षाएँ चलाई जाती हैं। यह विद्यालय प्रशिक्षित स्नातक (टी.जी.टी.) तथा अन्य

कर्मचारियों के सहयोग से एक प्राचार्य के प्रभार में चलाया जाता है। इसमें शैक्षणिक विभाग, एक छोटा सभा भवन, कार्यालय तथा बच्चों के लिए पुस्तकालय हैं। इस परिसर में एक अतिथि भवन है, जिसमें 20 अतिथि रुक सकते हैं।

भारत सरकार की अधिसूचना सं.एफ.95/2001. यू3 (ए) दिनांक 15 जनवरी, 2016 के अन्तर्गत मानव संसाधन विकास मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा केंद्रीय बौद्ध विद्या संस्थान, लेह को सम विश्वविद्यालय घोषित किए जाने के परिणामस्वरूप इस संस्थान के कनिष्ठ परिसर को अलग करके दिनांक 01.11.2021 के कार्यालय ज्ञापन संख्या सीआईबीएस/2021/511 अनुसार उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, केंद्रीय बौद्ध विद्या संस्थान, लेह किया गया है। तदनुसार पूर्व मध्यमा प्रथम से उत्तर मध्यमा द्वितीय तक की कक्षाएँ पुराने परिसर में चलाई जा रहीं हैं। वर्तमान में डॉ. आई.बी.झा प्रभारी, प्राचार्य के रूप में विद्यालय की देखरेख कर रहे हैं।

नवीन परिसर पुराने परिसर से आधे किलोमीटर की दूरी पर स्थित है। इसमें संस्थान का पृथक् कक्षा–भवन, प्रशासनिक भवन, पुस्तकालय तथा तीन छात्रावास हैं जिनमें सौ–सौ विद्यार्थियों के रहने की क्षमता है, जो भिक्षुओं, तथा छात्र–छात्राओं के रहने के लिए अलग–अलग दिए गए हैं। नए परिसर में 60 कर्मचारी आवास भी हैं। इसी प्रकार नए परिसर में एक खेल–मैदान है, जिसमे दर्शकों के बैठने की जगह, प्रसाधन कक्ष, भण्डार आदि सुविधाओं से युक्त है। संस्थान के विभिन्न कार्यक्रमों को चलाने के लिए 580 लोगों के बैठने की क्षमता वाला एक सभागाट है। इसके अतिरिक्त दार्शनिक वादविवाद भवन, विद्यार्थियों के मनोरंजन केन्द्र अन्य गतिविधियों को करने के लिए सुलभ हैं। इसके अलावा, चार प्रोफेसर क्वार्टरों का निर्माण पूरा हो चुका है जो संस्थान को सौंप दिए गए हैं। भिक्षुणी छात्राओं के लिए एक और छात्रावास का निर्माण कार्य प्रगति पर है। राष्ट्रीय पांडुलिपि मिशन, नई दिल्ली द्वारा वित्त पोषित पांडुलिपि संसाधन केंद्र और पांडुलिपि संरक्षण केंद्र के लद्दाख अध्ययाय भी नए परिसर में चलाए जा रहे हैं।

18.पुस्तकालय

केंद्रीय बौद्ध विद्या संस्थान (सम विश्वविद्यालय) का शे रब ग्यास चेद छ्ल पुस्तकालय किसी भी उम्र के लोगों के लिए एक आत्मा–विकास स्थान एवं बौद्धिक उन्नति के लिए एक प्राकृतिक केंद्र बिंदु है। यह पुस्तकालय संस्थान का एक महत्वपूर्ण अंग है, जिस पर छात्र एवं अध्यापक ही नहीं अपितु संस्थान के अन्य सदस्य भी सूचना एवं ज्ञान की प्राप्ति हेतु इस पर निर्भर रहते हैं। पुस्तकालय पूरे हिमालय क्षेत्र में सबसे बड़े पुस्तकालयों में से एक है, जो

बौद्ध अध्ययन, तिब्बती विज्ञान, लद्दाख अध्ययन और विभिन्न अन्य विषयों में ज्ञान का प्रसार करता है। पुस्तकालय को 'स्लिम थुमी सॉफ़्टवेअॅर' लगाकर 'कॅम्प्यूटराइज' किया गया है। इस पुस्तकालय में तीन विभाग हैं– (1) सामान्य विभाग, (2) भोट अथवा सुंगबुम विभाग (3) सन्दर्भ विभाग।

इस पुस्तकालय में कुल 38,904 ग्रन्थ, भोटी, अंग्रेजी, हिन्दी, संस्कृत, पालि तथा उर्दू भाषाओं में धार्मिक, ऐतिहासिक, दार्शनिक, काव्य एवं सामाजिक विषयों पर उपलब्ध हैं। इनमें तिब्बती बौद्ध संग्रह, काग्युर (भारतीय पंडितों और तिब्बती अनुवादकों द्वारा संस्कृत से तिब्बती भाषा में अनुवादित बुद्ध की शिक्षाएं) जैसे नार्थङ काग्युर, देगे काग्युर, ल्हासा/झोल काग्युर, तोग काग्युर, छ़लपा काग्युर, पेडुरमा, और पेकिंग (नेशनल पैलेस म्यूज़ियम, ताइवान से किंग राजवंश द्वारा हस्तलिखित स्वर्ण–स्याही संस्करण तिब्बती ड्रैगन सूत्र), भोट चिकित्सा के 61 खंडों में शास्त्रीय पाठ का एक असाधारण संग्रह और स्मोनलाम ग्रैंड तिब्बती शब्दकोश जिसमें 223 खंड शामिल हैं।

इसके अतिरिक्त पुस्तकालय में विश्वकोश, शब्द कोश तथा वार्षिक ग्रन्थों का संग्रह भी है। प्राप्त विवरण के अनुसार इस सत्र के दौरान संस्थान ने खरीद और उपहार के माध्यम से 630 नई पुस्तकें प्राप्त कीं। संस्थान की पुस्तकालय वर्ष के दौरान 33 भारतीय एवं विदेशी शोध पत्रिकाओं/समसामयिक पत्रिकाओं का ग्राहक बना।

19. संग्रहालय

संस्थान का एक छोटा संग्रहालय है, जिसमें विभिन्न ऐतिहासिक स्थलों से प्राप्त पुरातात्विक अवशेषों का संग्रह है। इस संग्रहालय में लद्दाख की बौद्ध कलाकृतियों, चित्रों और छायाचित्रों के साथ–साथ विभिन्न ऐतिहासिक स्थलों के पुरातात्विक अवशेषों के नमूने संरक्षित किए गए हैं। लद्दाख में यह अपने ढंग का एक अनूठा संग्रहालय है, जो प्रति वर्ष यहाँ बड़ी संख्या में आने वाले देशी एवं विदेशी पर्यटकों और शोधकर्ताओं को आकर्षित करता है।

20. पाठ्यक्रम

प्रारम्भ में संस्थान में एक दस वर्षीय पाठ्यक्रम प्रचलित था जिसके अन्तर्गत बौद्ध दर्शन, भोटी भाषा, संस्कृत, हिन्दी और अंग्रेज़ी की पढ़ाई होती थी। सन् 1973 में संस्थान, सम्पूर्णानन्द संस्कृत विश्वविद्यालय, वाराणसी, उत्तर प्रदेश से सम्बद्ध हुआ तथा संस्थान के उद्देश्यों को ध्यान में रखते हुए, सीमान्त प्रदेशीय छात्रों की आवश्यकतानुसार एक विशेष पाठ्यक्रम तैयार किया गया। जनवरी 2016 में के.बौ.वि.सं. लेह को सम विश्वविद्याल का दर्जा प्रदान करने के बाद संस्थान ने पाठ्यक्रम उपयुक्तता में संशोधन करते हुए अधिसत्र–प्रणाली (सेमेस्टर सिस्टम) को आरम्भ किया। इस सम्बन्ध में संस्थान ने सम्बन्धित क्षेत्र में विशेषज्ञों को आमंत्रित कर कार्यशालाओं की एक श्रृंखला आयोजित की और अन्य विश्वविद्यालयो से संबंधित विषयों के विभाग अध्यक्षों द्वारा संशोधन कराकर उक्त पाठ्यक्रम का क्रियान्वयन किया।

तत्पश्चात इसको शिक्षा परिषद के समक्ष विचार और अनुमोदन के लिए रखा गया। संस्थान के पाठ्यक्रम में भोट साहित्य एवं बौद्ध दर्शन अनिवार्य विषय हैं। उत्तर मध्यमा तक हिंदी और अंग्रेजी अनिवार्य विषय हैं, जबकि शास्त्री में इन्हें वैकल्पिक विषय के रूप में पढ़ाया जाता है। राजनीतिशास्त्र, अर्थशास्त्र, पालि, संस्कृत, इतिहास, तुलनात्मक दर्शन, आमची/भोट चिकित्साविद्या, काष्ठकला, शिल्पकला तथा चित्रकला अन्य वैकल्पिक विषय हैं। सफल उम्मी. दवारों को विद्यावारिधि (पीएचडी), आचार्य, शास्त्री, ज्योतिष और खगोल विज्ञान बैचलर ऑफ फाइन आर्ट्स (बीएफए) थंका पेंटिंग, बैचलर ऑफ फाइन आर्ट्स (बीएफए) हिमालयन मूर्तिकला, बैचलर ऑफ फाइन आर्ट्स (बीएफए) हिमालयन वुड कार्विंग, बैचलर इन भोट एस्ट्रोलोजी एंड एस्ट्रोनोमी और बैचलर ऑफ सोवा रिगपा ढवाई और शल्य चिकित्सा (बीएसआरएमएस) की उपाधि प्रदान की जाती है। समकक्ष उपाधि निम्नलिखित हैं :

1. पूर्वमध्यमा (मैट्रिकुलेशन)
2. उत्तर मध्यमा (उच्चतर माध्यमिक)
3. शास्त्री(बी॰ए॰)
4. आचार्य (एम॰ए॰)
5. विद्यावारिधि (पीएचडी)
6. बैचलर ऑफ फाइन आर्ट्स (बीएफए) थंका पेंटिंग
7. बैचलर ऑफ फाइन आर्ट्स (बीएफए) हिमालयन मूर्तिकला
8. बैचलर ऑफ फाइन आर्ट्स (बीएफए) हिमालयन वुड कार्विंग
9. बैचलर इन भोट एस्ट्रोलोजी एंड एस्ट्रोनोमी
10. बैचलर ऑफ सोवा रिगपा मेडिसिन एंड सर्जरी (बीएसआरएमएस)

संस्थान ने तिब्बत के महायान सम्प्रदाय शास्त्रों को अनिवार्य वैकल्पिक विषय के रूप में कक्षा शास्त्री और आचार्य के पाठ्यक्रम में सम्मिलित किया है। इस कार्य का विभाग के सदस्यों, विद्यार्थियों तथा लद्दाख के अन्य विद्व ानों ने स्वागत किया है।

21. छात्रवृत्ति

संस्थान में अध्ययनरत छात्रों को ₹ 1800.00 रूपये से ₹ 2500.00 रूपये के बीच प्रत्येक छात्र को प्रतिमाह की दर से छात्रवृत्ति दी जाती है। इस के अतिरिक्त डुजिंग फोडंग विद्यालय, जंस्कर, बौद्ध दर्शन संस्कृत विद्यालय, मंडोगुलु और 50 गोनपा/श्रामणेरी विद्यालय के विद्यार्थियों को छात्रवृत्ति दी जाती है। इस प्रकार से इस सत्र के दौरान ₹ 64,15,584.00 लाख की कुल राशि का वितरण छात्रवृत्ति के रूप में किया गया।

22. विद्यार्थियों को पाठ्य पुस्तक एवं कापियों का निःशुल्क वितरण

संस्थान में माध्यमिक और वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालयों में पढ़ने वाले छात्रों और फीडर गोनपा/श्रामणेरी विद्यालयों में अध्ययनरत विद्यार्थी लद्दाख के सबसे पिछड़े और दूरदराज क्षेत्रों से अनुसूचित जनजाति के हैं। तदनुसार, संस्थान ने सभी विद्यार्थियों के लिए पाठ्य पुस्तक एवं उत्तर पुस्तिकाओं का निःशुल्क वितरण करने की व्यवस्था की है। प्राप्त विवरण के अनुसार इस वर्ष के दौरान संस्थान ने ₹ 28,00,22.00 लाख रुपये की पाठ्य पुस्तकें एवं उत्तर पुस्तिकाएँ खरीदीं और केन्द्रीय बौद्ध विद्या संस्थान तथा लद्दाख, हिमाचल प्रदेश और उत्तराखंड के विभिन्न भागों में स्थित विद्यालयों के विद्यार्थियों में निःशुल्क वितरित कीं।

23. परीक्षा परिणाम

संस्थान की कक्षा छठी से आठवीं तक की परीक्षाएँ संस्थान के वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय द्वारा आयोजित की गईं जबकि पूर्वमध्यमा प्रथम से उत्तरमध्यमा द्वितीय तक परीक्षाएँ संपूर्णानंद संस्कृत विश्वविद्यालय, वाराणसी द्वारा आयोजित की गईं, जिससे विद्यालय संबद्ध है। शास्त्रीय (बीए), आचार्य (एम.ए.), बौद्ध ज्योतिष और खगोल विज्ञान, थंका चित्रकला (बीएफए), हिमालयी मूर्तिकला (बीएफए), हिमालयी काष्ठकला (बीएफए), भोट ज्योतिष और खगोल विज्ञान में स्नातक, बैचलर ऑफ सोवा रिगपा मेडिसिन एंड सर्जरी (बीएसआरएमएस) कक्षाओं की परीक्षाएँ केन्द्रीय बौद्ध विद्या संस्थान (सम विश्वविद्यालय), लेह के परीक्षा विभाग के प्रभारी द्वारा संचालित की गईं। वर्ष 2023–24 सत्र के अन्तर्गत प्रत्येक कक्षा की परीक्षाओं के परिणाम का विवरण पृष्ठ संख्या –– पर परिशिष्ट के रूप में दर्शाया गया है।

24.गोनपा/श्रामणेरी विद्यालय

अपने उद्देश्यों की पूर्ति हेतु यह संस्थान विभिन्न गोनपाओं में 50 गोनपा/श्रामणेरी विद्यालय चला रहा है जो इस प्रदेश में अत्यन्त प्रसिद्ध हैं। ये विद्यालय सम्बन्धित गोनपाओं के सहयोग से चलाए जा रहे हैं। तदनुसार उक्त गोनपा कक्षाओं एवं छात्रावास की सुविधाओं के साथ–साथ धार्मिक क्रियाकलापों की शिक्षा प्रदान करते हैं। संस्थान की ओर से प्रवेश प्राप्त छात्रों की संख्या के आधार पर विद्यार्थियों के लिए एक से तीन शिक्षकों की व्यवस्था की जाती है। इसके अतिरिक्त साज–सामान, लेखन–सामग्री, पाठ्यपुस्तक एवं कापी और प्रत्येक विद्यार्थी के लिए छात्रवृत्ति की व्यवस्था की जाती है। संस्थान द्वारा नियुक्त शिक्षक विद्यार्थियों को गोनपा–विषयक शिक्षा के साथ–साथ अन्य आधुनिक विषयों, जैसे – भोटी भाषा, हिन्दी, अंग्रेजी, गणित, सामाजिक विज्ञान आदि की शिक्षा प्रदान करते हैं। प्राप्त विवरण के अनुसार विगत वर्ष लद्दाख के विभिन्न गोनपाओं में स्थापित 50 गोनपा/श्रामणेरी विद्यालयों में कुल 760 विद्यार्थी अध्ययनरत थे। वर्ष 2023–24 के विद्यार्थियों के नामांकन का विवरण विद्यालय से तथा कक्षावार पृष्ठ संख्या –– पर परिशिष्ट के रूप में दर्शाया गया है।

25. प्रथम दीक्षांत समारोह

केंद्रीय बौद्ध विद्या संस्थान (सम विश्वविद्यालय), लेह, ने 14 सितंबर 2023 को संस्थान के परिसर में कें.बौ.वि.सं., लेह की कुलाधिपति मैडम मीनाक्षी लेखी, माननीय केंद्रीय संस्कृति और विदेश राज्य मंत्री, भारत सरकार, नई दिल्ली की अध्यक्षता में प्रथम दीक्षांत समारोह मनाया गया। 14 सितंबर, 2023 का यह दिन सामान्य रूप से केंद्र शासित प्रदेश लद्दाख और विशेष रूप से केंद्रीय बौद्ध विद्या संस्थान (सम विश्वविद्यालय), लेह, लद्दाख के लिए एक ऐतिहासिक दिन था क्योंकि कें.बौ.वि.सं., लेह (सम विश्वविद्यालय), लेह ने इस दिन अपने सफल शोध छात्रों, स्नातकोत्तर और स्नातक. ों को डिग्री प्रदान किया और एक शानदार तरीके से अपना पहला दीक्षांत समारोह आयोजित किया। इसलिए, यह घटना कें.बौ.वि.सं. लेह के इतिहास में स्वर्ण अक्षरों में लिखें जाने योग्य है।

समारोह में कई उच्च गणमान्य व्यक्ति भी उपस्थित थे, जैसे कि परम पूज्य स्क्याबजे थुकस्रस रिनपोछे, केंद्र शासित प्रदेश लद्दाख के माननीय उपराजयपाल के सलाहकार, डॉ. पवन कोतवाल, लद्दाख स्वायत्त पर्वतीय विकास परिषद, लेह के अध्यक्ष एडवोकेट टशी ग्यालछ़न, लद्दाख के संसद सदस्य श्री जामयांग छ़ेरिंग नामग्यल, श्रीमती रिनछेन लामो, सदस्य, राष्ट्रीय अल्पसंख्यक आयोग, भारत सरकार, श्रीमती अमिता प्रसाद सरभाई, संयुक्त सचिव, संस्कृति मंत्रालय, भारत सरकार, श्री नीरज कुमार, निदेशक, संस्कृति मंत्रालय, भारत सरकार, पूज्य रिनपोछे गण, पूज्य भिक्षु छ़ेरिंग वांगदुस, अध्यक्ष, अखिल लद्दाख गोनपा संघ। इस अवसर पर छात्रों के माता–पिता/अभिभ. ावक तथा कें.बौ.वि.सं. लेह के पूर्व छात्र भी उपस्थित थे।

प्रशासनिक अधिकारी डॉ. कोनछोग रिगज़िन की नेतृत्व में दीक्षांत समारोह की सोभायत्रा पारंपरिक लद्दाखी लरङा संगीत के साथ दीक्षांत समारोह स्थल पर पहुँचा। सभी अतिथि, संकाय सदस्य, डिग्री प्राप्तकर्ता, छात्र, अभिभावक,

पूर्व छात्र और संस्थान के अन्य कर्मच. ारी अपने स्थानों से खड़े होकर ताली बजाकर दीक्षांत समारोह का जोरदार स्वागत किया। सबसे पहले, कें.बौ.वि. सं. लेह विश्वविद्यालय का कुल–गीत गाया, जिसके लिए सभी प्रतिभागी एक बार फिर अपने स्थानों से खड़े हो गए।

संस्थान के कुलाधिपति ने दीक्षांत समारोह के शुरुआत की घोषण ा की। इसके बाद गणमान्य व्यक्तियों द्वारा दीप प्रज्ज्वलित किया गया। तद. ुपरात संस्थान के विद्यार्थियों द्वारा भोटी में मंगलाचरण प्रस्तुत की गई।

कें.बौ.वि.सं. के कुलपति प्रो. राजेश रंजन ने मंच पर बैठे गणमान्य अतिथियों को खदग्स और लेह स्मृति चिहन भेंट कर उनका अभिनंदन किया और स्वागत भाषण दिया। स्वागत भाषण के बाद छात्रों को उपाधि प्रदान करने का कार्य शुरू हुआ। इसी क्रम में श्रीमती मीनाक्षी लेखी ने सफल शोधार्थियों को पीएचडी की उपाधि प्रदान की। तत्पश्चात् उन्होंने संस्थान की कुलाधिपति के रूप में अपना भाषण दिया। केंद्रशासित प्रदेश लद्दाख के माननीय उपराज्यपाल के सलाहकार डॉ. पवन कोतवाल ने कें.बौ.वि.सं. (सम

विश्वविद्यालय) के छात्रों को पात्र पदक प्रदान किए। लद्दाख स्वायत्त पर्वतीय विकास परिषद, लेह के अध्यक्ष एडवोकेट टशी ग्यालछन, लद्दाख के सांसद श्री जामयांग छेरिंग नामग्याल और संस्थान के कुलपति प्रो. राजेश रंजन ने याग्य छात्रों को भोट बौद्ध दर्शन, भोटी साहित्य, भोट पौराणिक इतिहास में आचार्य, सोवा रिगपा चिकित्सा एवं शल्य क्रिया (बीएसआरएमएस), भोट ज्योतिष और खगोल विज्ञान में स्नातक, इंटीग्रेटेड बैचलर ऑफ फाइन आर्ट्स थङका चित्रकला, हिमालयी मूर्तिकला और शास्त्री की उपाधियाँ प्रदान कीं।

डिग्री प्रदान करने की प्रक्रिया पूरी होने के बाद, डॉ. पवन कोतवाल ने अपना भाषण दिया। उनके बाद लद्दाख के सांसद श्री जामयांग छ़ेरिंग नामग्याल, श्रीमती रिनछेन लामो, सदस्य, राष्ट्रीय अल्पसंख्यक आयोग, भारत सरकार ने भाषण दिया। तत्पश्चात् परम पूज्य थुगस्रस रिनपोछे ने दीक्षांत भाषण दिया। अंत में लद्दाख स्वायत्त पर्वतीय विकास परिषद, लेह के अध्यक्ष एडवोकेट टशी ग्यालछ़न, ने श्रीमती मीनाक्षी लेखी की जगह कार्यवाहक चांसलर के रूप में अपना भाषण प्रस्तुत किया। अंत में प्रशासनिक अधिकारी डॉ. कोनचोक रिगाज़िन ने धन्यवाद ज्ञापन दिया। इसके बाद कार्यवाहक चांसलर की अनुमति से, दीक्षांत समारोह की समाप्ति की घोषणा की गई तथा सभी प्रतिभागियों ने अपने स्थान पर खड़े होकर राष्ट्रगान गाया। इसके तुरन्त बाद कें.बौ.वि.सं. लेह के कुलपति के नेतृत्व में दीक्षांत शोभायात्रा ने प्रस्थान किया। दीक्षांत समारोह के समापन पर संस्थान के विद्यार्थियों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया।

26. स्थापना दिवस समारोह

केंद्रीय बौद्ध विद्या संस्थान (सम विश्वविद्यालय) के 64 वाँ स्थापना दिवस 23 अक्टूबर, 2023 को आर्य नागार्जुन सभागार में बड़े उत्साह और देशभक्तिपूर्ण उत्साह के साथ आयोजित किया गया। इस शुभ अवसर पर लद्दाख स्वायत्त पर्वतीय विकास परिषद, लेह के अध्यक्ष एडवोकेट टशी ग्यालछ़न मुख्य अतिथि थे। इस अवसर पर लद्दाख के संसद सदस्य

श्री जामयांग छ़ेरिंग नामग्यल, अखिल लद्दाख गोनपा संघ के अध्यक्ष, पूज्य भिक्षु छ़ेरिंग वांगदुस, लद्दाख बौद्ध संघ के सचिव, डॉ. छ़ेरिंग फुनछ़ोग, श्री छ़ेरिंग पलदान, निदेशक, शिक्षा, यूटी लद्दाख, लद्दाख विश्वविद्यालय के पूर्व कुलपति श्री सी फुनछ़ोग उपस्थित रहे। इसके अतिरिक्त लद्दाख के गणमान्य व्यक्ति, संस्थान के संकाय सदस्य और छात्र भी उपस्थित थे। इस दौरान संस्थान के वार्षिक परीक्षा में स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों, निबंध प्रतियोगिता, कविता पाठ प्रतियोगिता, चित्रकला प्रतियोगिता, व्यानख्यान प्रतियोगिता, खेल प्रतियोगितओं, सांस्कृतिक गतिविधियों, प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता आदि विभिन्न प्रतियोगिताओं में जीतने वाले छात्रों को पुरस्कार वितरित किए गए। इस समारोह के अवसर पर प्रो. राजेश रंजन माननीय कुलपति द्वारा संस्थान की गतिविधियों पर एक संक्षिप्त रिपोर्ट प्रस्तुत की गई। संस्थान के छात्रों ने एक रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया। छात्र कल्याण के डीन डॉ. ठीनले यांगजोर के प्रेरणादायक धन्यवाद भाषण और राष्ट्रगान के साथ समारोह का समापन हुआ।

27. अन्य महत्वपूर्ण घटनाएँ

प्राप्त विवरण के अनुसार विगत वर्ष संस्थान में निम्नलिखित अन्य उत्सव एवं क्रियाकलापों का बड़े उत्साह के साथ आयोजन किया गया:

भोटी दिवसः दिनांक 1 अप्रैल, 2023 को संस्थान के भोटी भाषा और साहित्य विभाग ने कें.बौ.वि.सं. लेह के आर्य नागार्जुन सभागार में माननीय कुलपति प्रो.राजेश रंजन की अध्यक्षता में बड़े धूमधाम और सत्साह के साथ भोटी दिवस मनाया। इस अवसर पर प्रो. लोबज़ंग छ़ेवांग (सेवानिवृत्त) मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थे। इसके अतिरिक्त डॉ. ठीनले यांगजोर, डीन छात्र कल्याण, गेशे डागपा कालसांग, एसोसिएट प्रोफेसर और डॉ. कोनचोक रिगज़िन, प्रशासनिक अधिकारी उपस्थित थे। कार्यक्रम की शुरुआत भगवान बुद्ध की प्रतिमा के सामने दीप प्रज्वलन और छात्रों के एक समूह द्वारा मंगलाचरण के साथ हुई। तत्पश्चात् भोटी भाषा और साहित्य विभाग के अध्यक्ष खानपो कोनचोग थुबस्तन ने मुख्य अतिथि और विशिष्ट अतिथिओं को खदग्स भेंट करके स्वागत किया। डॉ. छ़ेवांग यांगजोर, सहायक प्रोफेसर ने भोटी भाषा के महत्त्व पर भाषण दिया और आचार्य टशी ग्यालपो, डॉ. ठिनलास ग्युरमेद, आचार्य तथा शास्त्री कक्षाओं के कुछ छात्रों ने भोटी में कविता प्रस्तुत की। इसके बाद इस समारोह के मुख्य अतिथि डॉ. लोबज़ांग छ़ेवांग ने 'भोटी' नामकरण और इसके महत्त्व के बारे में सभा को संबोधित किया। अंत में डॉ. कोनछोग रिगज़िन, प्रशासनिक अधिकारी ने धन्यवाद ज्ञापन दिया और समारोह का समापन राष्ट्रगान के साथ हुआ।

(क) डॉ. राधाकृष्णन की जयन्ती, शिक्षक दिवस :

केंद्रीय बौद्ध विद्या संस्थान (सम विश्वविद्यालय) लेह डॉ. राधा कृष्णन की जयंती के उपलक्ष्य में प्रत्येक वर्ष 5 सितंबर को शिक्षक दिवस मनाया जाता है। वर्ष के दौरान कें.बौ.वि.सं., चोगलमसर, लेह की छात्र कल्याण समिति ने संस्थान संस्थान के आर्य नागार्जुन सभागार में 5 सितंबर, 2023 को शिक्षक दिवस मनाया गया। इस समारोह में संस्थान के माननीय कुलपति प्रो. राजेश रंजन मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थे। समारोह की शुरुआत बुद्ध की

प्रतिमा के सामने दीप प्रज्वलन और छात्रों द्वारा मंगलाचरण के साथ हुआ। इस अवसर पर विश्वविद्यालय परिसत के संकाय सदस्यों, गैर–शिक्षण कर्मचारियों और छात्रों ने भाग लिया। इस दौरान कुलपति महोदय और संकाय सदस्यों ने छात्रों द्वारा भेंट किए गए केक को काटा। शिक्षकों के सम्मान में कुछ वरिष्ठ छात्रों द्व ारा भाषण प्रस्तुत करने के साथ–साथ इस अवसर पर विभिन्न कार्यक्रमों का भी आयोजन किया गया।

(ख) हिन्दी दिवस/हिन्दी पखवाड़ा :

संस्थान प्रत्येक वर्ष 14 सितंबर को हिंदी दिवस एवं हिन्दी पखवाड़ा मनाया जाता है। इस दौरान राजभाषा हिंदी में निबंध लेखन, कविता पाठ, व्याख्यान आदि विभिन्न प्रकार की साहित्यिक प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाता है। इस वर्ष हिन्दी पखवाड़ा 2023 के अंतर्गत 6 सितंबर, 2023 को विद्यार्थियों के बीच निबंध लेखन प्रतियोगिता एवं पोस्टर निर्माण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। दिनांक 7–09–2023 को संस्थान के विद्यार्थियों के लिए कविता एवं भाषण प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया, जिसमें विद्यार्थियों ने बढ़–चढ़कर हिस्सा लिया। प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को नकद पुरस्कार एवं प्रमाण–पत्र देकर सम्मानित किया गया।

इसके अतिरिक्त संस्थान हिंदी दिवस एवं हिंदी पखवाड़ा 2023 के अंतर्गत कार्यालय में हिंदी में कार्य को बढ़ावा देने के लिए कार्यालय में कार्यरत कर्मचारियों के लिए राजभाषा हिंदी में प्रतियोगिता एवं हिंदी टंकण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इन प्रतियोगिताओं में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले कर्मचारियों को प्रमाण पत्र एवं नकद पुरस्कार प्रदान किए गए।

संस्थान के हिन्दी विभाग द्वारा हिन्दी पखवाड़ा–2023 के अंतर्गत हिन्दी व्याख्यान का आयोजन किया गया। इसके लिए डॉ. सविता प्रमोद, एसोसिएट प्रोफेसर, हिंदी डी.बी.पंबा कॉलेज, पथानामथिट्टा को ''गैर–हिंदी भाषी क्षेत्रों में हिंदी'' विषय पर एक विशेष भाषण देने के लिए आमंत्रित किया गया था।

पिछले वर्ष की भाँति इस वर्ष भी हिंदी विभाग द्वारा ऑनलाइन हिंदी व्याख्यानमाला का आयोजन किया गया। इसमें विभिन्न विषयों पर व्याख्यान देने के लिए विभिन्न विद्वानों को आमंत्रित किया गया। कार्यक्रम में संस्थान के कर्मचारीगण, छात्र–छात्राएँ तथा देश के विभिन्न स्थानों से हिंदी प्रेमीजन जुड़े।

(ग) स्वच्छ भारत अभियान :

भारत के माननीय प्रधानमंत्री जी की पहल पर भारत सरकार ने सम्पूर्ण देश को साफ सुथरा रखने के विचार से स्वच्छ भारत अभियान का शुभारंभ किया। तदानुसार केन्द्रीय बौद्ध विद्या संस्थान, लेह ने इसको ध्यान में रखते हुए दिनांक 16 से 30 अप्रैल, 2023 तक नोडल अधिकारी डॉ. छेवङ यङजोर के नेतृत्व में संस्थान के सभी कर्मचारी तथा विद्यार्थियों को सम्मिलित कर संस्थान के कार्यालय, कक्षा, परिसर और आसपास के क्षेत्रों की सफाई कराई गई। इस कार्यक्रम में संस्थान के माननीय कुलपति प्रो. राजेश रंजन भी उपस्थित रहे। इसी प्रकार उच्च माध्यमिक विद्यालय, कें.बौ.वि.सं. लेह के कर्मचारियों और छात्रों द्वारा अपने परिसर में स्वच्छता संबंधी गतिविधियाँ भी की।

(ङ) अपर सचिव एवं वित्तीय सलाहकार, भारत सरकार और संयुक्त सचिव, भारत सरकार का दौरा :

श्रीमती रंजना चोपड़ा, अपर सचिव एवं वित्तीय सलाहकार, भारत सरकार और श्रीमती अमिता प्रसाद साराभाई, संयुक्त सचिव, संस्कृति मंत्रालय, भारत सरकार, डॉ. नीरज कुमार, निदेशक, बी. टीआई, एमओसी के साथ दिनांक 13 सितंबर, 2023 को कें.बौ.वि. सं. (सम विश्वविद्यालय) लेह का दौरा किया। इस दौरान महोदया ने छात्रावासों में रहने वाले छात्रों से भी मिली और उनसे बातचीत की। उन्होंने संस्थान के पुस्तकालय और सोवा रिगपा विभाग का भी दौरा किया और कें.बौ.वि.सं. लेह द्वारा किए गए कार्यों की

सराहना की।

(च) महात्मा गांधी की जयंती :

महात्मा गांधी की जयंती आमतौर पर हर साल 2 अक्टूबर को संस्थान में मनाई जाती है। इस वर्ष भी संस्थान ने दिनांक 2 अक्टूबर को नागार्जुन सभागार में महात्मा गांधी की जयंती मनाई। संस्थान के संकाय सदस्यों, कर्मचारियों और वरिष्ठ छात्रों ने समारोह में सक्रिय रूप से भाग लिया और महात्मा गांधी के जीवन और उपलब्धि पर प्रकाश डाला।

(छ) विश्व छात्र दिवस :

केंद्रीय बौद्ध विद्या संस्थान लेह (सम विश्वविद्यालय) हर साल 15 अक्टूबर को पूर्व राष्ट्रपति एपीजे अब्दुल कलाम के जन्मदिन के उपलक्ष में विश्व छात्र दिवस मनाया जाता है।

(ज) स्वतंत्रता दिवस :

केंद्रीय बौद्ध विद्या संस्थान (सम विश्वविद्यालय), लेह में 15 अगस्त , 2023 को हमारी प्यारी मातृभूमि भारत का 77 वाँ स्वतंत्रता दिवस बड़े उत्साह और देशभक्ति की भावना के साथ मनाया गया। संस्थान के कुलपति महोदय प्रो. राजेश रंजन ने राष्ट्रीय ध्वज फहराया ने 15 अगस्त 2023 स्वतंत्रता दिवस के शुभ अवसर पर मुख्य परिसर में राष्ट्रीय ध्वज फहराया। इस अवसर पर शैक्षणिक और गैर–शैक्षणिक कर्मचारियों की उपस्थिति में कुलपति महोदय ने कर्मचारियों और छात्रों से कहा कि वे अपनी क्षमता के अनुसार भारत को 2047 तक एक विकसित राष्ट्र बनाने में योगदान दें, जैसा कि माननीय प्रधानमंत्री ने सपना देखा है।

इसके अतिरिक्त, संस्थान 14 अगस्त 2023 को शाम 4 बजे राष्ट्रीय ध्वज फहराकर ''हर घर तिरंगा'' मनाया। इस समय छात्र और कर्मचारियों ने हाथ में मिट्टी लेकर शपथ ली। इस अवसर पर विद्यार्थियों ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए।

(झ) अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस :

संस्थान हर साल अलग–अलग विषयों के साथ अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस का आयोजन करता है। इस वर्ष महिला एवं बाल कल्याण मंत्रालय, भारत सरकार के निर्देशानुसार अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस 8 मार्च 2024 को दोपहर 2.30 बजे केन्द्रीय बौद्ध विद्या संस्थान के प्रशासनिक कार्यालय के सम्मेलन कक्ष में मनाया गया। इस दिन को संस्थान के अर्थशास्त्र विभाग की सहायक प्रोफेसर श्रीमती दिस्कीद छोरोल के संयोजक में विश्वविद्यालय की महिला कर्मचारियों द्वारा उत्साहपूर्वक मनाया गया। इस अवसर पर संस्थान की पुस्तकालय एवं सूचना अधिकारी श्रीमती कुनज़ांग आंगमो

ने मुख्य अतिथि के रूप में अध्यक्षता की। इस समारोह में संस्थान के प्रशासनिक सलाहकार श्री सोनम वांगचुक भी उपस्थित थे और उन्होंने ''महिलाओ अर्थात महिलाओं को आर्थिक रूप से उनकी निवेशः प्रगति में तेजी'' को ध्यान में रखते हुए महिलाओं में निवेश के महत्व पर अपना बहुमूल्य भाषण दिया। समारोह की शुरुआत विश्वविद्यालय की भिक्षुणी छात्राओं द्वारा मंगलाचरण के साथ हुई, जिसके बाद अतिथियों को खदग्स प्रदान किए गए। तुलनात्मक दर्शन विभाग की सहायक प्रोफेसर जिगमेद लामो ने स्वागत भाषण दिया और अतिथियों और अन्य प्रतिभागियों का स्वागत करते हुए महिला शिक्षा के महत्व पर प्रकाश डाला। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर महिला दिवस के पालन के ऐतिहासिक परिप्रेक्ष्य में उन्होंने समाज में महिलाओं के सामने आने वाली समैयाओ के बारे में जागरूकता पैदा करने के लिए महिला दिवस मनाने के महत्व के बारे में बात की। सोवा रिगपा विभाग की डॉ. इशे अंगमो ने विशेष रूप से सोवा रिगपा परंपरा प्रणाली के परिप्रेक्ष्य से महिलाओं के स्वास्थ्य पर बात की। तत्पश्चात् प्रश्नोत्तर सत्र के दौरान प्रतिभागियों ने महिलाओं के स्वास्थ्य के बारे में प्रश्न पूछे और डॉ. इशे अंगमो ने प्रश्नों के स्पष्ट उत्तर दिए। इसके बाद मुख्य अतिथि श्रीमती कुनज़ांग आंगमो ने समाज में लैंगिक समानता के महत्व पर भाषण दिया। अंत में श्रीमती दिस्कीद छोरोल ने धन्यवाद ज्ञापन दिया और कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान के साथ हुआ।

(ट) अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस :

केंद्रीय बौद्ध विद्या संस्थान (सम विश्वविद्यालय) प्रत्येक वर्ष 21 जून को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाता है। इस वर्ष 21 जून 2023 को संस्थान में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस उत्साह के साथ मनाया गया। योग दिवस के इस अवसर पर संस्थान के संकाय सदस्य, गैर–शिक्षण कर्मचारी और छात्र उपस्थित थे। डॉ. ठीनले यांगजोर, डीन स्टूडेंट वेलफेयर/विभागाध्यक्ष, सोवा रिगपा विभाग ने स्वागत भाषण और योग का संक्षिप्त परिचय प्रस्तुत किया और डॉ. कोनचोक रिगज़िन, प्रशासनिक आधिकारी, ने भी इस अवसर पर योग अभ्यास के लाभों पर भाषण दिया। इस दौरान डॉ. स्तनज़िन छोसरब, सहायक प्रोफेसर ने प्रतिभागियों को योग सिखाया।

इसके अतिरिक्त, सोवा रिगपा विभाग ने अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस समारोह के एक भाग के रूप में सोवा–रिगपा छात्रों और कर्मचारियों के लिए 10 दिवसीय विशेष योग प्रशिक्षण सत्र का आयोजन किया।

(ठ) विभिन्न देशों के युवा नेताओं के 10वें बैच का दौराः

केप वर्डे, साइप्रस, एस्टोनिया, गाम्बिया, लातविया, माल्टा, मोरक्को, नीदरलैंड, त्रिनिदाद और टोबैगो, ट्यूनीशिया और सूनाइटेड किंगडम (यूके) के 30 प्रतिनिधियों ने संस्थान का दौरा किया। ये युवा प्रतिनिधि अपने–अपने देशों में राजनीतिक दलों (सत्तारूढ़ और विपक्षी दोनों) के सदस्य, उद्यमी और उभरते नेता हैं। संस्थान द्वारा सम्मेलन कज में गर्मजोशी से स्वागत कार्यक्रम आयोजित किया गया।

(ड़) गणतंत्र दिवस का उत्सवः

केंद्रीय बौद्ध विद्या संस्थान (सम विश्वविद्यालय), चोगलमसर, लेह ने संस्थान के प्रशासनिक ब्लॉक के सामने माननीय कुलपति प्रो. राजेश रंजन के नेतृत्व में ठंड के बावजूद बड़े उत्साह के साथ 75वाँ गणतंत्र दिवस बड़े धूमधाम से मनाया गया। इस शुभावसर पर संस्थान के कुलपति महोदय प्रो. राजेश रंजन ने राष्ट्रीय ध्वज फहराया, इसके बाद संस्थान के कर्मचारियों ने राष्ट्रगान गाया। उन्होंने अपने संबोधन में कर्मचारियों को हमारे गतिशील प्रधान मंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी की परिकल्पना के अनुसार 2047 तक हमारी प्यारी मातृभूमि को एक विकसित देश बनाने के लिए ईमानदारी और समर्पण के साथ कड़ी मेहनत करने का आह्वान किया। हल्के जलपान के बाद देशभक्ति गीतों पर आधारित सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया।

(ढ़) सबमर्सिबल वाटर पंप के दो सेटों का उद्घानः

श्री अजय कुमार झा, महाप्रबंधक (एनडब्ल्यू–प्प) भारतीय स्टेट बैंक, चंडीगढ़ सर्कल ने केंद्रीय बौद्ध विद्या संस्थान (सम विश्वविद्यालय), चोगलमसर, लेह के परिसर में सबमर्सिबल वाटर पंप के दो सेटों का उद्घाटन किया, इस अवसर पर संस्थान के कुलपति प्रो. राजेश रंजन, जम्मू के उप महाप्रबंधक (बी एंड ओ) श्री रवींद्र कुमार गुप्ता, जम्मू के क्षेत्रीय प्रबंधक (एजीएम–आरबीओ–5), जम्मू के श्री राजीव कुमार छाबड़ा, शाखा प्रबंधक श्री रिगज़ेन ग्युरमेद और स्टेट बैंक ऑफ इंडिया, चोगलामसर के रिलेशनशिप मैनेजर श्री नवांग छ़ेतन उपस्थित थे।

इसके अतिरिक्त इस अवसर पर संस्थान के संकाय सदस्य, कार्यालय कर्मचारी और कई छात्रा–छात्राएं भी उपस्थित थे। दो सबमर्सिबल वाटर पंप सेट की स्थापना से परिसर में कर्मचारियों और छात्रों की पीने और अन्य उद्देश्यों के लिए पानी की आवश्यकता पूरी हो जाएगी। संस्थान के कुलपति महोदय ने इस नेक कार्य के लिए भारतीय स्टेट बैंक के अधिकारियों के प्रति आभार व्यक्त किया।

(ण) आज़ादी का अमृत महोत्सव :

आज़ादी का अमृत महोत्सव भारत सरकार की एक पहल है, जो स्वतंत्रता के 75वें साल और इससे लोगों, संस्कृति और उपलब्धियों के गौरवशाली इतिहास को मनाने के लिए है। इसी क्रम में संस्थान ने विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया गया।

(त) ओपन जिम और नए वाटर टैंकर का उद्घाटन :

लद्दाख के माननीय सांसद श्री जामयांग छ़ेरिंग नामग्याल ने 7 नवंबर, 2023 को केंद्रीय बौद्ध विद्या संस्थान (सम विश्वविद्यालय), चोगलमसर, लेह में नव स्थापित ओपन जिम और एक नए वाटर टैंकर का उद्घाटन संस्थान के माननीय कुलपति प्रो. राजेश रंजन की गरिमामयी उपस्थिति में किया। इस कार्यक्रम में आदरणीय भिक्षु छ़ेरिंग वांगदु,

ऑल लद्दाख गोनपा एसोसिएशन, एलएचडीसी, लेह के सदस्य आदरणीय भिक्षु कोनछोग छ़ेफेल, आदरणीय दोरजे स्तनज़िन, उपाध्यक्ष, ऑल लद्दाख गोनपा एसोसिएशन, डॉ. कोनछोग रिगज़िन, प्रशासनिक अधिकारी और श्री. आई बी झा अपर प्रशासनिक अधिकारी जैसे अनेक प्रतिष्ठित अतिथियों ने भाग लिया।

28. हिमालयी बौद्ध संस्कृति विश्वकोश के संकलन परियोजना

केन्द्रीय बौद्ध विद्या संस्थान दस खंडों में हिमालयी बौद्ध–संस्कृति–विश्व कोश के संकलन की एक मेगा परियोजना चला रहा है। यह परियोजना विद्वानों को अनुबन्ध के आधार पर नियुक्त कर शुरू की गई थी। यह परियोजना एक मुख्य संपादकों की देखरेख में दो संपादको और तीन शोध–सहायकों के सहयोग से प्रगति पर है। लद्दाख क्षेत्र से संबंधित विश्वकोश के दो खंड पहले ही प्रकाशित हो चुके हैं।

हिमाचल प्रदेश के क्षेत्र वाले अन्य दो खंड पूरे हो चुके हैं और प्रकाशन के अधीन हैं। हिमालयी बौद्ध संस्कृति के दार्शनिक और सैद्धांतिक आधार के प्रथम खंड पर कार्य प्रगति पर है। पहले खंड में 22 अध्याय है, जो पूर्ण हो कर प्रकाशन के लिए तैयार है। भाग दो प्रगति पर हैं।

29. पाण्डुलिपि संरक्षण केन्द्र

राष्ट्रीय पाण्डुलिपि मिशन, भारत सरकार ने केन्द्रीय बौद्ध विद्या संस्थान, लेह को पाण्डुलिपि संसाधन केन्द्र के रूप में लद्दाख क्षेत्र के लिए ''पाण्डुलिपि संरक्षण केन्द्र'' पद प्रदान किया है। तदनुसार संस्थान ने अनुबन्ध के आधार पर विद्वानों की नियुक्ति कर उन्हें काम सौंपा है। संस्थान ने लद्दाख क्षेत्र के 2,389 मठों, महलों एवं व्यक्तियों से लग. भग 37,722 पाण्डुलिपियों का संग्रह किया है तथा प्रयास है कि इस क्षेत्र में उपलब्ध सभी पाण्डुलिपियों का संग्रह किया जा सके। इसके अतिरिक्त संस्थान लद्दाख क्षेत्र के विभिन्न विहारों में उपलब्ध दुर्लभ पाण्डुलिपियों का संरक्षण भी करता है।

संस्थान ने पांडुलिपियों के संरक्षण के लिए एक प्रयोगशाला भी स्थापित की है। अब तक संस्थान ने दुर्लभ पांडुलिपियों के 56,635 फोलियो को संरक्षित किया है, जो विभिन्न मठों जैसे कि मठो मठ, हेमिस मठ और अन्य व्यक्तिगत घरों में बिगड़ने की अवस्था में हैं।

केंद्रीय बौद्ध विद्या संस्थान (सम विश्वविद्यालय), चोगलमसर, लेह में पांडुलिपि केंद्र (एमसीसी) ने विभिन्न बौद्ध मठों बौर विभिन्न गांवों में व्यक्तिगत संग्रह से एकत्रित पांडुलिपियों पर व्यापक निवारक और उपचारात्मक संरक्षण प्रयास किए है। अब तक संस्थान ने दुर्लभ पांडुलिपियों के निवारक संरक्षण के तहत 1,69,754 फोलियो और 3,39,508 पृष्ठों और उपचारात्मक संरक्षण के अंतर्गत 176799 फोलियो और 3,53,598 पृष्ठों को संरक्षित किया है, जो मठो, हेमिस, जैसे विभिन्न मठों और अन्य व्यक्तिगत घरों में बहुत खराब स्थिति में पड़े हुए थे।

30. वर्ष 2023–2024 के दौरान शैक्षणिक उपलब्धियाँ

1. डॉ. ठिनलेस यांगजोर, एसोएिट प्रोफेसर, डीन, सोवा–रिगपा संकाय

1) अनुसंधान और प्रकाशनः

(क) ''ऑस्टियोआर्थराइटिस के उपचार में हाइड्रोथेरेपी'' विषय पर चल रहा स्ववित्तपोषित अनुसंधान।

2) संगोष्ठी / कार्यशाला / बैठक

(क) 6 जुलाई, 2023 : राष्ट्रीय सोवा–रिगपा संस्थान, लेह में सोवा–रिगपा चिकित्सकों के लिए आयोजित दो दिवसीय कार्यशाला में ''सोवा रिगपा औषधीय पौधों का परिचय'' विषय पर एक पत्र प्रस्तुत किया।

(ख) 12 अक्टूबर 2023 : नव प्रवेशित बी एस.आर.एम.एस.एस छात्रों (वर्ष 2023–24) के लिए प्रेरणा कार्यक्रम के दौरान, सोवा–रिगपा की विशिष्ट विशेषताओं और भविष्य की संभावनाओं से परिचित कराते हुए ''सोवा रिगपा का इतिहास और विशेष रूप से लद्दाख में सोवा–रिगपा का विकास'' विषय पर भाषण प्रस्तुत किया।

(ग) मार्च 18, 2023 : जनजातीय स्वास्थ्य देखभाल परियोजना के तहत राष्ट्रीय सोवा–रिगपा संस्थान, लेह में सोवा–रिगपा चिकित्सकों के लिए दो दिवसीय कार्यशाला में '' सोवा रिगपा की अनूठी विशेषताएं, तंत्रिकाओं और मूत्र की जांच करने की विधियों का पुनरुद्धार एवं विकास'' विषय पर पत्र प्रस्तुत किया।

(घ) 25 अगस्त 2023 : खारदुंगला में एक दिवसीय चिकित्सा भ्रमण के दौरान संकाय और छात्रों को सोवा–रिगपा अभ्यास के लिए प्रासंगिक औषधीय जड़ी–बूटियों और पौधों की खोज और पहचान करने और दवाइयाँ तैयार करने के लिए उनकी कटाई करने में मार्गदर्शन किया।

(ङ) डीआईएचआर, लेह के सहयोग से एक दिवसीय सूखी वज्ञस्पतियों का संग्रह बनाने की कार्यशाला का आयोजन किया।

(च) 12 फरवरी 2024 : बी एस आर एम एस छात्रों के लिए नैदानिक प्रशिक्षण के अवसरों को बढ़ाने वाले चिकित्सा कर्मियों की भागीदारी में सहयोग पहल को बढ़ावा देने के लिए एस एन एम अस्पताल, लेह के साथ एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए।

2. गेशे डाकपा कलज़ांग, एसोसिएट प्रोफेसर, डीन, अध्यात्म तथा न्यायविद्या संकाय

1) प्राप्त विवरण के अनुसार समन्वयक के रूप में सत्र के लिए दार्शनिक वाद–विवाद कार्यक्रम आयोजित किया।

2) संयोजक के रूप में 28 सितंबर से 1 अक्टूबर 2023 तक केंद्रीय बौद्ध अध्ययन संस्थान, चोगलमसर, लेह, केंद्र शासित प्रदेश लद्दाख में ''मध्यमिक प्रणाली के विकास में मध्यमिकालंकार के महत्व'' विषय पर चार दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी आयोजित की जिसे भोट बौद्ध दर्शन विभाग और के. बौ. वि. सं. के सभी चार संप्रदाय शास्त्रों के विभागों ने भारतीय दार्शनिक अनुसंधान परिषद (आई.सी.पी.आर), नई दिल्ली, भारत के

सहयोग से संयुक्त रूप से आयोजित किया।

3) भोट बौद्ध दर्शन और संप्रदाय शास्त्र विभागों द्वारा के.बौ.वि.सं. में 15 नवंबर 2023 को आयोजित नालंदा परंपरा के दर्शन संगोष्ठी के दौरान ''पांच विहित ग्रंथ'' पर पत्र प्रस्तुत किया।

4) 11 से 12 अगस्त 2023 को के.बौ.वि.सं. में) भोट बौद्ध दर्शन और संप्रदाय शास्त्र विभागों द्वारा आयोजित ''21वीं सदी में नालंदा बौद्ध धर्म : चुनौतियॉ और प्रतिक्रियाएँ'' विषय पर राष्ट्रीय संगोष्ठी के दौरान ''प्रज्ञा पारमिता सूत्र की समझ'' पर एक पत्र प्रस्तुत किया।

5) 24 से 26 अगस्त 2023 तक आयोजित भोटी साहित्य के ऐतिहासिक विकास और इसकी कार्यप्रणाली पर राष्ट्रीय संगोष्ठी के दौरान ''भोटी भाषा का महत्व'' विषय पर एक पेपर प्रस्तुत किया।

3. खनपो कोनचोक थुपस्तान, एसोसिएट प्रोफेसर, भोटी साहित्य विभाग

संयोजक के रूप में, भारतीय ऐतिहासिक अनुसंधान परिषद (आईसीएचआर), नई दिल्ली के सहयोग से कें. बौ.वि.सं. की ओर से ''भोटी साहित्य का ऐतिहासिक विकास और इसकी कार्यप्रणाली'' विषय पर 24 से 26 अगस्त 2023 तक आयोजित 3 दिवसीय सेमिनार का सफलतापूर्वक आयोजन किया।

4. गेशे लोबजांग वांगछुक, सहायक प्रोफेसर, भोट बौद्ध दर्शन

1) एक सदस्य के रूप में 28 सितंबर से 1 अक्टूबर 2023 तक केंद्रीय बौद्ध विद्या संस्थान, चोगलमसर, लेह, केंद्र शासित प्रदेश लद्दाख में आयोजित चार दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन किया गया जिसका शीर्षक था ''मध्यमिक प्रणाली के विकास में मध्यमिकालंकार का महत्व'' जिसे भोट बौद्ध दर्शन विभाग और चार संप्रदाय शास्त्रों के विभागों द्वारा भारतीय दार्शनिक अनुसंधान परिषद (आईसीपीआर), नई दिल्ली, भारत के सहयोग से संयुक्त रूप से आयोजित किया।

2) केंद्रीय बौद्ध विद्या संस्थान, लेह के शास्त्री और आचार्य छात्रों के लिए 1 अप्रैल से 30 अप्रैल 2023 तक बौद्ध दार्शनिक तर्कवितर्क की कार्यशाला का आयोजन किया गया।

3) कर्नाटक में स्थित स्पितुक गोनपा द्वारा लद्दाख के विभिन्न विद्यालयों के लगभग 50 छात्रों के लिए आयोजित बौद्ध दार्शनिक तर्कवितर्क प्रतियोगिता के दौरान अतिथि वक्ता के रूप में संबोधित किया।

5. डॉ. दिलीप कुमार पटनायक सहायक प्रोफेसर, अंग्रेजी विभाग

1. आकाशवाणी, लेह पर रेडियो वार्ता प्रसारित

1) ऊर्जा के परिवर्तन के माध्यम से उपभोक्ताओं का सशक्तिकरण, 14 मार्च 2023 को प्रसारित किया।

2) गर्व और क्रोध, 27 सितंबर 2023 को प्रसारित।

2. अंडरस्टैंडिंग इंग्लिश फोनेटिक्स नामक एक पुस्तक लिखी गई और संशोधन के अधीन है।

3. संस्थान की वार्षिक रिपोर्ट और रिगपे दुर्ची (छात्रों की पत्रिका) संपादित की।

6. खनपो कोनचोक थापडोल, सहायक प्रोफेसर, भोटी साहित्य

1. प्रशासनिक ब्लॉक, के.बौ.वि.सं. के गेट पर सीमेंट में आठ मंगल चिह्नों की नक्काशी की।
2. के.बौ.वि.सं. के कार्यालय के लिए कुनरिग की सर्वविद् वैरोचन की मूर्ती बनाई।
3. के.बौ.वि.सं. की ओर से दिल्ली हाट में हिमालय क्षेत्र की पारंपरिक मूर्तिकला की प्रदर्शनी में भाग लिया।

7. डॉ. संजीव कुमार गौतम, सहायक प्रोफेसर, इतिहास प्रकाशन

1. ''हिन्दू कोड बिल।'' बहुरि नहिं अवाना (यूजीसी केयर लिस्टेडः अप्रैल–जून, 2023) आईएसएसएन : 2320–7604
2. ''बौद्ध धर्म के अधारभूत सिद्धांत।'' बहुरि नहिं अवाना (यूजीसी केयर लिस्टेडः जुलाई–सितंबर,, 2024) आईएसएसएन : 2320–7604
3. ''समकालीन मुगल स्रोतों के आइने में लद्दाख इतिहास'' इतिहास दृष्टि (यूजीसी केयर लिस्टेडः मार्च, 2024)

पुस्तक समीक्षाः

1. ''पत्रकारिता में प्रतिक्रिया'' बहुरि नहिं अवाना (यूजीसी केयर लिस्टेडः जनवरी–मार्च, 2024) आईएसएसएन : 2320–7604

8. डॉ. छ़ेवांग यांगजोर, सहायक प्रोफेसर, भोटी साहित्य

1. तीन शोध कर्त्ताओं को पीएच.डी. उपाधि प्रदान करने के लिए उन का पर्यवेक्षण किया।
2. भोटी साहित्य विभाग की ओर से आयोजित चार छात्रों को तिब्बती भाषा में सर्टिफिकेट कोर्स कराया।
3. के.बौ.वि.संस्थान की वार्षिक छात्र पत्रिका रिगपे दुर्ची का संपादन किया।
4. वर्ष 2023 में हिमालयन बौद्ध संस्कृति संघ ने ''स्ञन–चोंम बुङ–वई रोल–छ़ो'' नामसे एक पुस्तक प्रकाशित की, जिस में उनके स्वयं अपने द्वारा लिखी गई कविताओं को संग्रहित किया है।
5. 14–5–2023, 2–9–2023 और 17–11–2023 को कला, भाषा और संस्कृति अकादमी, लेह, केंद्र शासित प्रदेश लद्दाख द्वारा आयोजित संगोष्ठियों में क्रमशः बुद्ध जयंती, गांधी जयंती और भोटी भाषा पर कविताएँ पढ़ीं।
6. 24 से 26 अगस्त 2023 तक भारतीय ऐतिहासिक अनुसंधान परिषद (आईसी एचआर), नई दिल्ली के सहयोग से भोटी साहित्य विभाग द्वारा आयोजित ''भोटी साहित्य का ऐतिहासिक विकास और इसकी पद्धति'' विषय

पर 3 दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी के दौरान जीवनी और इतिहास के बीच अंतर'' शीर्षक से एक पत्र प्रस्तुत किया।

7. 10–06–2023 को ''भोटी भाषाः वर्तमान स्थिति'' विषय पर दुरबुक, चांगथांग में एक स्थानीय संगोष्ठी का आयोजन किया।

8. डीआईईटी, लेह, केंद्र शासित प्रदेश लद्दाख द्वारा आयोजित अभिनव शिक्षण–शिक्षण कार्यक्रम में एक संसाधक व्यक्ति के रूप में भाग लिया।

9. 17 नवंबर 2023 को एलएचडीसी, लेह द्वारा आयोजित राष्ट्रीय संगोष्ठी में ''आधुनिक समय में भोटी भाषा की स्थिति और स्थानीय विद्यालयों में इस की शिक्षा'' पर एक पत्र प्रस्तुत किया।

10. भोट बौद्ध दर्शन और संप्रदाय शास्त्र विभाग, के.बौ.वि.सं., लेह द्वारा आयोजित एक राष्ट्रीय संगोष्ठी में ''माध्यमिक दर्शन'' पर एक पत्र प्रस्तुत किया।

9. गेशे लोबज़ंग छुलठीम, सहायक प्रोफेसर, गेलुग संप्रदाय शास्त्र विभाग :

1. दिनांक 1 मई से 31 मई 2023 तक एक महीने के लिए विश्वविद्यालय विंग और वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, कें.बौ.वि.सं. के छात्रों के लिए पारंपरिक दार्शनिक तर्क–वितर्क कार्यशाला का आयोजन किया।

2. दिनांक सितंबर, 2023 को कें.बौ.वि.सं. के नागार्जुन हॉल में विश्वविद्यालय विंग के छात्रों के लिए पाँच महान प्रमुख ग्रंथों पर एक दिवसीय आंतरिक संगोष्ठी का आयोजन किया।

3. कें.बौ.वि.सं. द्वारा 16 अगस्त से 31 अगस्त, 2023 तक जम्मू और कश्मीर और हिमाचल प्रदेश के शैक्षिक दौरे के समन्वयक के रूप में नियुक्त किया गया।

4. भारत सरकार के संस्कृति मंत्रालय द्वारा वित्तपोषित संस्थानों के बीच अंतर संस्थान तर्क–वितर्क और बैडमिंटन प्रतियोगिता सहित 6 दिवसीय कार्यक्रम में भाग लेने के लिए कें.बौ.वि.सं.लेह के 8 छात्रों सहित नौ सदस्यीय दल के पर्यवेक्षक के रूप में नियुक्त किया गया। दिनांक 18 से 23 मार्च, 2024 तक भारत सरकार के साथ मिलकर हिमालयी संस्कृति पर संगोष्ठी आयोजित की।

5. दिनांक सितंबर से 1 अक्टूबर 2023 तक कें.बौ.वि.सं. लेह में '' माध्यमिक प्रणाली के विकास में मध्यमिका अलंकार का महत्व'' विषय पर चार दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन किया।

10. खनपो जमयांग कुनज़ांग, सहायक प्रोफेसर, सक्या संप्रदाय

1. मासिक छात्र पत्रिका ''लोमाई गछ़ल'' का संपादन और डिजाइन किया।

2. 12 से 13 जुलाई 2023 को डुज़िंग फोटांग विद्यालय, ज़ांस्कर में बौद्ध धर्म के परिचय पर दो दिवसीय स्थ. ानीय संगोष्ठी का समन्वय किया।

3. 28 सितंबर से 1 अक्टूबर 2023 तक केंद्रीय बौद्ध अध्ययन संस्थान, चोगलमसर, लेह में ''मध्यमिक प्रणाली के विकास में मध्यमिकालंकार का महत्व'' विषय पर चार दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन किया। यह संगोष्ठी भोट बौद्ध दर्शन विभाग और संप्रदाय शास्त्र विभागों ने भारतीय दार्शनिक अनुसंधान परिषद (आई. सी.पी.आर), नई दिल्ली, भारत के सहयोग से संयुक्त रूप से आयोजित किया।

11. डॉ. लोबज़ांग छुलठिम भोटिय, सहायक प्रोफेसर, कग्युद संप्रदाय

1. एक संसाधक के रूप में 1 से 31 मई 2023 तक केंद्रीय बौद्ध विद्या संस्थान (सम विश्वविद्यायल), लेह में आयोजित बौद्ध दर्शन तर्कवितर्क कार्यशाला के आधीन एक महीने के लिए के.बौ.वि.सं. के शास्त्री और आचार्य छात्रों को बौद्ध दार्शनिक तर्कवितर्क पढ़ाया।
2. 11 अगस्त 2023 को के.बौ.वि.सं., लेह लद्दाख में आयोजित ''21वीं सदी में नालंदा बौद्ध धर्मः चुनौतियां और प्रतिक्रियाएँ'' पर राष्ट्रीय संमेलन में पेपर प्रस्तुत किया।
3. इंटरनेशनल जर्नल ऑफ स्पिरिचुअलिटी एंड कॉग्निशन, खंड 1, अंक 1 दिसंबर 2023, आईएसएसएन– 2584–2315 में ''महायान बौद्ध धर्म का एक सर्वोत्कृष्ट आध्यात्मिक अभ्यास'' विषय से एक लेख प्रकाशित हुआ।
4. 28 सितंबर से 1 अक्टूबर 2023 तक केंद्रीय बौद्ध विद्या संस्थान (सम विश्वविद्यायल), लेह में ''मध्यमिक प्रणाली के विकास में मध्यमिकालंकार का महत्व'' विषय पर चार दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी आयोजित की जिसे भोट बौद्ध दर्शन विभाग और के. बौ. वि. सं. के सभी चार संप्रदाय शास्त्रों के विभागों ने भारतीय दार्शनिक अनुसंधान परिषद (आईसीपीआर), नई दिल्ली, भारत के सहयोग से संयुक्त रूप से आयोजित किया।
5. 17 मार्च 2024 को माइंडफुल ट्रॉमा मैनेजमेंट और हैप्पी रिलेशनशिप पर चौथे वर्चुअल इंटरनेशनल कॉन्फ्रेंस के दौरान ''ध्यान के माध्यम से आत्म स्नेह'' पर अतिथि वक्ता के रूप में भाषण दिया। इसका आयोजन स्पीकिंग क्यूब द्वारा नीति आयोग, एमएसएमई मंत्रालय, भारत सरकार, वेंडा विश्वविद्यालय, दक्षिण अफ्रीका और शूलिनी विश्वविद्यालय के सहयोग से किया गया।

12. खनपो शेडुब कोनचोक, सहायक प्रोफेसर, बौद्ध इतिहास और संस्कृति

1. 24 से 26 अगस्त 2023 तक भारतीय ऐतिहासिक अनुसंधान परिषद (आईसीएचआर), नई दिल्ली के सहयोग से भोटी साहित्य विभाग द्वारा आयोजित ''भोटी साहित्य का ऐतिहासिक विकास और इसकी कार्य प्रणाली'' विषय पर 3 दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी के दौरान ''तिब्बत में भोटी भाषा का विकास'' विषय पर एक पत्र प्रस्तुत किया।

2. शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ठ कार्य के लिए 12 जुलाई 2023 को स्टूडेंट्स एसोसिएशन फॉर विपेज एजुकेशन (एसएवीई) से प्रशंसा प्रमाण पत्र प्राप्त किया।
3. संयोजक के रूप में वर्ष 2021 से 2023 तक आज़ादी का अमृत महोत्सव समारोह के दौरान व्याख्यान दिया

13. डॉ. जिगमेद मिग्युर, (बीटीएमएस/एमडी), सहायक प्रोफेसर, सोवा रिगपा विभाग

1. सेंट्रल काउंसिल ऑफ तिब्बती मेडिसिन, धर्मशाला, एचपी द्वारा प्रकाशित किया गया द सोगि जर्नल, खंड 4, सितंबर–2023, आईएसबीएन 9789387974593 में भोटी/तिब्बती भाषा में ''सोवा रिगपा क्लिनिकल रिसर्च के लिए वैज्ञानिक अनुसंधान पद्धति'' विषय पर एक लेख प्रकाशित है।
2. राष्ट्रीय भारतीय चिकित्सा पद्धति आयोग द्वारा सोवा रिगपा तृतीय व्यावसायिक बी एस आर एम एस के लिए योग्यता आधारित पाठ्यक्रम और पाठ विवरण तैयार करने के लिए ''अनुसंधान पद्धति और जैव सांख्यिकी के विशेषज्ञ सदस्य के रूप में कार्य किया। आयुष मंत्रालय, भारत सरकार (संदर्भ–बीयूएसएस/तृतीय व्यावसायिक पाठ्यक्रम (सोवा–रिगपा) 2024)।

14. श्री छेरिंग छोलदन, सहायक प्रोफेसर, राजनीति विज्ञान

1. 2023 में मानविकी और सामाजिक विज्ञान में अनुसंधान के एक पीयर रिव्यू जर्नल में ''स्वतंत्रता के बाद से लद्दाखी पहचान को संरक्षित करने की संभावनाएँ और चुनौतियाँ'' शीर्षक से शोध पत्र प्रकाशित।
2. अगस्त 2023 में आई.सी एस एस आर, नई दिल्ली के सहयोग से सेंटर फॉर हिमालयन एंड ट्रांस–हिमालयन स्टडीज और राजनीति विज्ञान विभाग, लद्दाख विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित दो दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी में ''लद्दाख की सामाजिक–सांस्कृतिक विरासत : निरंतरता और परिवर्तनों पर विचार'' पर एक पत्र प्रस्तुत किया।
3. आई सी एस एस आर द्वारा प्रायोजित और सेंटर फॉर हिमालयन एंड ट्रांस–हिमालयन स्टडीज राजनीति विज्ञान विभाग, लद्दाख विश्वविद्यालय द्वारा 2023 में आयोजित सामाजिक विज्ञान में दो सप्ताह के शोध पद्ध ति पर एक सर्टिफिकेट कोर्स में भाग लिया।
4. 30.03.2024 को एस सी ओ पी ई (यूजीसी केयर लिस्टेड और स्कोपस इनडेक्स) के जर्नल में ''लद्दाख में यायावर चांगपा की सामाजिक–आर्थिक स्थिति और चुनौतियाँ'' विषय पर शोध पत्र प्रकाशित हुआ।

15. डॉ. ठिनलस ग्युरमेद, अनुवादक

1. साहित्य अकादमी और उत्तर क्षेत्र सांस्कृतिक केंद्र द्वारा दिनांक 2 से 24 जून 2023 तक ''बौद्ध धर्म और कश्मीर'' विषय पर आयोजित संगोष्ठी में ''बौद्ध सम्मेलनों का संस्मरण'' विषय पर एक शोध पत्र प्रस्तुत किया।

2. दिनांक 22/3/2024 को श्री कुमार झा, सहायक कमांडेंट (राजभाषा) को आमंत्रित करके राजभाषा हिंदी टाइपिंग पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया।
3. दगपो टशी नमग्यल विरचित ''छगछेन दावई ओदज़ेर'' नामक एक दुर्लभ बौद्ध ग्रंथ का भोटी से हिंदी में 428 पृष्ठों का अनुवाद को पूरा किया गया है।
4. संस्थान के वार्षिक रिपोर्ट–2023–24 और वार्षिक लेखापरीक्षा रिपोर्ट 2023–24 अनुवाद करके तैयार किया गया।
5. दिनांक 27 से 28 मार्च 2023 तक कला, संस्कृति और भाषा, विभाग कारगिल, लद्दाख द्वारा आयोजित लद्दाख साहित्य सम्मेलन–2023, तीसरे संस्करण में भाग लिया और भौटी में एक कविता प्रस्तुत किया।

16. खनपो कर्मा तेनज़िन, सहायक प्रोफेसर, ञिंगमा संप्रदाय

1. कें.बौ.वि.सं. के लड़कियों के छात्रवास में कई महीनों तक स्व–अध्ययन के दौरान शाम को कक्षा 6 से 12 तक की छात्राओं को उनके विषय से संबंधित बौद्ध अध्ययन प्रशिक्षण दिया।
2. 2023 में कई महीनों तक कें.बौ.वि.सं. की छात्राओं के एक समूह को बौद्ध ध्यान और दर्शन का विशेष प्रशिक्षण दिया।
3. वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय के कक्षा 6 से 12 तक के बौद्ध छात्रों के लिए पाठ्यक्रम को संशोधित करने का कार्य किय।
4. कई महीनों तक विदेशी विश्वविद्यालयों के छात्रों के लिए ऑनलाइन बौद्ध दर्शन कक्षाएं संचालित की।
5. सत्र 2023–24 के सोवा रिगपा के नए छात्रों के पंद्रह दिवसीय बौद्ध दर्शन तर्क वितर्क प्रशिक्षण आयोजित किया।
6. वर्ष 2023 में छात्र कल्याण समिति, के.बौ.वि.सं. के अनुरोध पर एक महीने के लिए शीतकालीन अवकाश के दौरान 50 छात्रों को बौद्ध दर्शन और भोटी भाषा पर गहन शिक्षण प्रदान किया।
7. दिनांक 1 अगस्त से 13 अगस्त 2023 तक पेथुब गोनपा द्वारा आयोजित विभिन्न विद्यालयों अविद्यालयों के छात्रों के लिए विर्तक प्रशिक्षण कार्यशाला आयोजित की।
8. दिनांक 1 से 31 मई 2023 तक के.बौ.वि.सं. के छात्रों के लिए ''नालंदा तर्क वितर्क'' विषय पर एक कार्यशाला आयोजित की।
9. दिनांक 28 सितंबर से 1 अक्टूबर 2023 तक केंद्रीय बौद्ध विद्या संस्थान, चोगलमसर, लेह में बौद्ध दर्शन विभाग और के. बौ. वि. सं. के सभी चार संप्रदाय शास्त्र के विभागों द्वारा भारतीय दार्शनिक अनुसंधान परिषद (आईसीपीआर), नई दिल्ली, भारत के सहयोग से ''मध्यमिक प्रणाली के विकास में मध्यमिकालंकार का महत्व'' विषय पर आयोजित चार दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी में ''फ्यी–रोल ग्यी दोन–ला द्ब्याद–प'' विषय पर एक

पत्र प्रस्तुत किया।

10. के. बौ. वि. सं. के लद्दाख प्रभा में प्रकाशन के लिए ''चार आर्य सत्यों के माध्यम से समाज की सेवा करना'' और ''माइंड स्कूल के अनुसार चेतना कणों पर एक विश्लेषण'' विषयों पर क्रमशः दो पत्र प्रस्तुत किए।

17. खनपो शेडुब कोनचोग, सहायक प्रोफेसर, भोट बौद्ध दर्शन

1. भोट बौद्ध दर्शन विभाग और चारों संप्रदाय शास्त्रों के विभागों द्वारा संयुक्त रूप से के.बौ.वि.सं. में 1 से 31 मई 2023 तक आयोजित नालंदा तर्क वितर्क पर एक महीने की कार्यशाला के दौरान संसाधक के रूप में कार्य किया।
2. 28 सितंबर से 1 अक्टूबर 2023 तक केंद्रीय बौद्ध विद्या संस्थान, चोगलमसर, लेह में बौद्ध दर्शन विभाग और के. बौ. वि. सं. के सभी चार संप्रदाय शास्त्र के विभागों द्वारा भारतीय दार्शनिक अनुसंधान परिषद (आईसीप. ीआर), नई दिल्ली, भारत के सहयोग से ''मध्यमिक प्रणाली के विकास में मध्यमिकालंकार का महत्व'' विषय पर आयोजित चार दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी में ''सेमस् च्म पस फ्यी दोन ज़ल ग्यीस जेस मि जेस (विज्ञानवाद द्वारा बाह्यार्थ स्वीकार करने या न करने)'' विषय पर एक पत्र प्रस्तुत किया।
3. दिनांक 20 दिसम्बर 2023 से 20 जनवरी 2024 तक सकटी के गाँव वालों को ''बारदो थोसडोल'' पर ध र्मोपदेश देने का कार्य किया।
4. दिनांक 18 से 20 सितंबर 2024 तक बौद्ध विद्या संरक्षण सभा, जिसपा, लाहौल और स्पीति, हिमाचल प्रदेश द्वारा आयोजित संगोष्ठी में ''लाहौल की बौद्ध संस्कृति'' विषय पर एक पत्र प्रस्तुत किया।

18. डॉ. टशी ग्यालपो, सहायक प्रोफेसर, भोटी

1. जून 2023 में आचार्य के छात्रों के लिए रचनात्मक लेखन (कविताएँ और कहानियाँ) पर एक कार्यशाला आयोजित की।
2. शास्त्री द्वितीय (अप्रैल–जून 2023) के लिए भोटी पाठ्यक्रम संपादित किया।
3. एक सदस्य के रूप में 24 से 26 अगस्त 2023 तक भारतीय ऐतिहासिक अनुसंधान परिषद (आईसीएचआर) नई दिल्ली के सहयोग से के.बौ.वि.सं. लेह की ओर से ''भोटी साहित्य का ऐतिहासिक विकास और इसकी कार्यप्रणाली'' पर 3 दिवसीय संगोष्ठी का सफलतापूर्वक आयोजन किया।
4. 24 से 26 अगस्त 2023 को के.बौ.वि.सं. लेह और भारतीय ऐतिहासिक अनुसंधान परिषद द्वारा आयोजित भोटी भाषा पर राष्ट्रीय संगोष्ठी में ''तिब्बती कविता का विश्लेषण'' पर एक पत्र प्रस्तुत किया।
5. ''मध्यमिक प्रणाली के विकास में मध्यमिकालंकार का महत्व'' विषय पर आयोजित चार दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी में ''एक नया तार्किक तर्क'' पर एक पत्र प्रस्तुत किया (28 सितंबर से 1 अक्टूबर 2023)।

6. आचार्य के छात्रों के लिए निबंध लेखन पर एक कार्यशाला आयोजित की (अक्टूबर 2023)।
7. आचार्य के अंतिम वर्ष के छात्रों के लिए रंगमंच की प्रकृति और विकास पर एक संगोष्ठी आयोजित की (अक्टूबर 2023)।
8. वाराणसी में तिब्बती उपन्यास की प्रकृति और विकास पर व्याख्यान देने के लिए छात्र काल्याण संघ, सीआईएचटीएस, सारनाथ द्वारा आमंत्रित किया गया (25 जनवरी, 2024)
9. ज़िला शिक्षा और प्रशिक्षण संस्थान, लेह में एक लघु प्रेरण प्रशिक्षण के लिए एक ससांधक व्यक्ति के रूप में कार्य किया (5 से 9 मार्च, 2024)।
10. अंतरराष्ट्रीय सहकर्मी समीक्षा वाली रेफरी पत्रिका वेदंजलि खंड 19, श्रृंखा 12, (जनवरी–जून अंक) प्रभाव कारक के साथ : 7.109. आईएसएसएन : 2349–364ग में ''तिब्बत में कृषि के पारंपरिक विधि : एक अध्ययन'' शीर्षक से एक लेख प्रकाशित किया।

19. गेशे कोनचोक नमडग, सहायक प्रोफेसर, भोट बौद्ध दर्शन

1. के.बौ.वि.सं. लेह द्वारा डेढ़ महीने तक आयोजित बौद्ध दार्शनिक तर्कवितर्क का पर्यवेक्षण किया।
2. ''ल्दा–व ओदज़ेर'' नामक पुस्तक का संपादन किया।
3. राष्ट्रीय संगोष्ठी के दौरान केंद्रीय उच्च तिब्बती अध्ययन संस्थान, वाराणसी में अभिसमयालंकार पर एक पत्र प्रस्तुत किया।
4. वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, कें.बौ.वि.सं. लेह की कक्षा टप से टप्प के लिए बौद्ध दार्शनिक तर्क वितर्क के लिए पाठ्यक्रम का नया मॉडल तैयार किया।

20. खानपो कोनचोक नमदक, सहायक प्रोफेसर, भोट बौद्ध दर्शन

1. 28 सितंबर से 1 अक्टूबर 2023 तक केंद्रीय बौद्ध विद्या संस्थान, चोगलमसर, लेह में बौद्ध दर्शन विभाग और के. बौ. वि. सं. के सभी चार संप्रदाय शास्त्र के विभागों द्वारा भारतीय दार्शनिक अनुसंधान परिषद (आईसीप. ीआर), नई दिल्ली, भारत के सहयोग से ''मध्यमिक प्रणाली के विकास में मध्यमिकालंकार का महत्व'' विषय पर आयोजित चार दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी में ''फ्यी नांग ग्यी र्दुल–फ्रान दोद छुल दङ रागपा चोंम छुल ग्यी स्कोर'' विषय पर एक पत्र प्रस्तुत किया।
2. कला, संस्कृति और भाषा अकादमी, लेह की सहायता से ''तारू गांव का इतिहास और संस्कृति'' और ''फ्यांग गांव का इतिहास और संस्कृति'' नामक दो पुस्तकें प्रकाशनाधीन हैं।
3. 21 और 23 मई 2023, 29 अक्टूबर और 1 नवंबर 2023 को कार्यक्रम ओदज़ेर (रोशनी) के लिए ऑल इंडिया रेडियो, लेह पर नियमित वार्ता प्रस्तुत की।

4. 30 मई 2023 को लद्दाख अकादमी ऑफ आर्ट, एंड कल्चर लेह द्वारा आयोजित कविता पाठ कार्यक्रम में भाग ले कर ''छोस क्यी स्कुल मा'' विषय पर एक कविता प्रस्तुत किया।

21. डॉ. राज किरण नेगी, सहायक प्रोफेसर, संस्कृत बौद्ध दर्शन

1. 24 मई 2023 को के.बौ.वि.सं. लेह के संस्कृत बौद्ध दर्शन विभाग द्वारा आयोजित विभागीय संगोष्ठी के दौरान मुख्य भाषण प्रस्तुत किया।
2. मेरा लेख ''बौद्ध दर्शन में तर्क'' प्रकाशन के लिए भेजा गया है।

22. सुभाष चंद, सहायक प्रोफेसर, संस्कृत बौद्ध दर्शन

शोध पत्र/कार्य

1. ''कल्याण और मानसिक स्वास्थ्य पर बौद्ध विचार के प्रभाव'' पर एक लेख प्रकाशित किया। खंड 11, संख्या 2, प्रभाव कारक 7.5 (2024)। आईएसएसएन : 2349:5928
2. हिंदू धर्म और बौद्ध धर्म में समानताएं और विरोधाभासःएक तुलनात्क अध्ययन, खंड। सुरभि प्रकाशन। प्रभाव कारक 5.7 (2024)। आईएसएसएन 2349:4557
3. हिंदू और बौद्ध दर्शनः एक तुलनात्मक अध्ययन। आईएसबीएन 978–93–92087–95–0 (2024)

23. डॉ. स्तज़िन मिग्युर, सहायक प्रोफेसर, बौद्ध इतिहास और संस्कृति विभाग।

1. **शोध प्रकाशनः**

क. स्तनज़िन मिग्युर, ''ञरमा–मई लो–ग्र्युस'' (ञरमा की विरासत), अंतर्राष्ट्रीय संस्कृति और नैतिकता संस्थान (आईसीइ), 2023।

ख. स्तनज़िन मिग्युर, ''लद्दाख में गेलुगस्पा सम्प्रदाय की स्थापना'' लद्दाख प्रभा–23, केंद्रीय बौद्ध विद्या संस्थान, 2023 पृष्ठ 228 से 242। आईएसबीएन : 978–81–97146–18–3

2. सम्मेलन/सेमिनार में भाग लिया

क. 28 अक्टूबर 2023 को ञरमा गोनपा के 1000 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में ''ञरमा का इतिहास'' पर एक पत्र प्रस्तुत किया।

ख. 12 से 13 जुलाई 2023 से ''बौद्ध धर्म का परिचय'' पर दुज़िङ फोटांग विद्यालय, ज़ांस्कर में दो दिवसीय स्थानीय संगोष्ठी के समन्वयक की सहायता की।

ग. 17 अक्टूबर 2023 को लद्दाख साहित्य दिवस–2023 में भाग लिया।

घ. 5 से 6 नवंबर 2023 को 2035 तक उत्खनन के लिए दृष्टि से परे देखने पर सम्मेलन के दौरान ''ञरमा''

पर एक पेपर प्रस्तुत किया।

3. पाठ्यक्रम

क. शे नरो फोटांग में चांगथांग क्षेत्र के छात्रों के लिए छह सप्ताह का शीतकालीन ब्रिजिंग कार्यक्रम और लद्दाख के इतिहास पर एक पाठ्क्रम आयोजित किया।

ख. एस ए वाई एम प्लेटफ़ॉर्म से बौद्ध पर्यटन पर एक एम ओ ओ सी कोर्स पूरा किया, जिसमें ''धर्मशाला, हिमाचल प्रदेश'' नामक एक मॉड्यूल का योगदान दिया।

4. अतिथि व्याख्यान/आमंत्रित वार्ताः

22 अप्रैल 2023 को अंतर्राष्ट्रीय संस्कृति और नैतिकता संस्थान, लद्दाख में लद्दाख के इतिहास पर व्याख्यान देने के लिए आमंत्रित किया गया।

5. अन्य उपलब्धियाँ

2023 में ऑस्ट्रियाई विज्ञान अकादमी, वियना, ऑस्ट्रिया के तहत ''तिब्बती वास्तुकला में भवन और शिल्प परंपराएँ'' परियोजना के लिए फील्डवर्क का संचालन किया।

24. डॉ. कर्मा रबसल, सहायक प्रोफेसर, सोवा रिगपा विभाग

1. दिनांक 4 फरवरी 2024 को 'सोवा गिपा' विषय पर हिमालयन लैगून स्टूडियो में 'ज़– स्पेनबे डीगरिम' के एक विशेष एपिसोड के लिए अतिथि वक्ता के रूप में व्याख्यान दिया। इस एपिसोड को वर्तमान में हिमालयन लेगून के आधिकारिक यूट्यूब चैनल पर 11000 बार देखा जा चुका है।
2. राष्ट्रीय सोवा रिगपा संस्थान द्वारा आयोजित एक सेमिनार में ''गठिया'' पर एक पेपर प्रस्तुत किया।
3. तिब्बती स्वास्थ्य केंद्र, चोगलमसर के कर्मचारियों को ''आहार और व्यवहार'' पर एक भाषण दिया।
4. सोवा रिगपा के विशेषज्ञ के रूप में मानव शरीर रचना विज्ञान और शरीर क्रिया विज्ञान पर पाठ्यक्रम तैयार किया।
5. कें.बौ.वि.सं. में कक्षा में समूह चर्चा और सहयोगी शिक्षण स्थान की सुविधा प्रदान की।

25. श्रीमती जिगमेद ल्हामो, सहायक प्रोफेसर, तुलनात्मक दर्शन

28 सितंबर से 1 अक्टूबर 2023 तक केंद्रीय बौद्ध विद्या संस्थान, चोगलमसर, लेह, केंद्र शासित प्रदेश लद्दाख में आयोजित चार दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी के दौरान ''बौद्ध दर्शन की स्वतंत्र योगाचार्य मध्यमिका प्रणाली की रूपरेखा'' शीर्षक से एक पत्र प्रस्तुत किया। यह संगोष्ठी भोट बौद्ध दर्शन विभाग और के.बौ.वि.सं. के सभी चार संप्रदाय शास्त्रों के विभागों द्वारा भारतीय दार्शनिक अनुसंधान परिषद (आईसीपीआर), नई दिल्ली, भारत के सहयोग से संयुक्त रूप से आयोजित की गई थी।

26. डॉ. स्तनज़िन छोसरब, सहायक प्रोफेसर, सोवा रिगपा

1. चांगला दर्रे के लिए हर्बल औषधीय दौरे के समन्वयक के रूप में दौरे की योजना और निष्पादन का प्रबंधन किया। लद्दाख आमची सभा और के.बौ.वि.सं. के सोवा रिगपा विभाग के साथ समन्वय करके इस ट्रेक को निर्देशित, विशेषज्ञ सत्र आयोजित किया और सुचारू संचार सुनिश्चित किया, जिससे छात्रों को लद्दाख के औषधीय पौधों और पारंपरिक उपचार प्रथाओं से जुड़ने में मदद मिली।
2. दिनांक 3/8/2023 को के.बौ.वि.सं. लेह में डॉ. मनोज के नेतृत्व में दीहर, लेह के सहयोग से आयोजित पौधों के नमूने संग्रह, प्रेसेसिग और संरक्षण तकनीकों पर एक दिवसीय हर्बेरियम मेकिंक कार्यशाला में भाग लिया।
3. के.बौ.वि.सं. लेह में सोवा रिगपा इंडक्शन प्रोग्राम के लिए संसाधन व्यक्ति के रूप में शामिल हुए।
4. एन सी आई एस एम–एनईईटी–एसआर–यूजी–2023 प्रवेश परीक्षा के लिए एनसीआईएसएम पर्यवेक्षकों में से एक को रूप में नियुक्त किया गया और पाठ्यक्रम तैयार करने के लिए एनसीआईएसएम बैठक में भी भाग लिया।
5. के.बौ.वि.सं., महाबोधि विद्यालय और राष्ट्रीय सोवा–रिगपा संस्थान द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित प्रशिक्षक के रूप में सिंधु दर्शन में योग कार्यक्रम का नेतृत्व किया।
6. के.बौ.वि.सं. के सोवा रिगपा छात्रों के लिए डीआईएचएआर में एक दिवसीय हर्बल औषधीय पौधों के दौरे के दौरान पर्यवेक्षक के रूप में काम किया।
7. जुलाई 2023 में आयोजित तकनीकी समिति के सदस्य के रूप में एवाईडी 06 सोवा रिगपा अनुभागीय समिति की 2023 बैठक में वर्चुअल रूप से भाग लिया।

27. डॉ. पद्मा रिगज़िन, सहायक प्रोफेसर, सोवा रिगपा

प्रकाशनः

''सोवा रिगपा के महत्व को इसके दृष्टिकोण, मार्ग और फल के माध्यम से रेखांकित करना'' शीर्षक पर लेख अक्टूबर 2023 में लद्दाख कॉलेज के छात्र सम्मेलन की कार्यवाही में प्रकाशित हुआ, जिसे उक्त सम्मेलन में प्रस्तुत किया गया।

शैक्षणिक और प्रशासनिक उत्तरदायित्व

1. 25 अगस्त, 2023 : सोवा रिगपा के संकाय के डीन डॉ. ठिनलेस यांगजोर के साथ खरदुंगला में एक दिवसीय चिकित्सा भ्रमण पर गए, ताकि सोवा रिगपा अभ्यास से संबंधित औषधीय जड़ी–बूटियों और पौधों की खोज और पहचान की जा सके और दवाइयाँ तैयार करने के लिए इनकी कटाई की जा सके।

2. 29 सितंबर, 2023: चांदनी रात में बनाया गया एक अनूठा कैल्साइट फॉर्मूलेशन, 'चोङ ज़ी दओद' पहली बार सफलतापूर्वक तैयार किया गया।

3. 9 अक्टूबर, 2023: शैक्षणिक वर्ष 2023–24 के लिए नव प्रवेशित बीएसआरएमएस छात्रों के लिए संक्रमण ाकालीन–सह–प्रेरण कार्यक्रम के आयोजन के लिए समन्वय किया गया।

4. 1 फरवरी 2024 : यूनानी, सिद्ध और सोवा रिगपा, एनसीआईएसएम, दिल्ली के बोर्ड के अध्यक्ष द्वारा नामित, बीएसआरएमएस द्वितीय व्यावसायिक कार्यक्रम के लिए पाठ्यक्रम तैयार करने के लिए एनजीओ बजुंग आरटैग्स–II (सोवा रिगपा पैथोलॉजी भाग–II) के लिए विषय विशेषज्ञ के रूप में नियुक्त किया गया।

5. 12 फरवरी, 2024 : संकाय डीन, सोवा रिगपा के मार्गदर्शन में, चिकित्सा कर्मियों की भागीदारी में सहयोगी पहल को बढ़ावा देने और बीएसआरएमएस छात्रों के लिए नैदानिक प्रशिक्षण के अवसरों को बढ़ाने के लिए एसएनएम अस्पताल, लेह के साथ एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) का मसौदा तैयार किया।

6. 29 फरवरी, 2024 यूटी लद्दाख के नैदानिक स्थापना अधिनियम के तहत सोवारिगपा अस्पताल के पंजीकरण का समन्वय किया।

7. 18 मार्च, 2024: के.बौ.वि.सं. में बीएसआरएमएस के वैकल्पिक पाठ्यक्रम का समन्वय किया।

संगोष्ठी, कार्यशालाएं और बैठकें:

1. 10 अक्टूबर, 2023: नव प्रवेशित बीएसआरएमएस छात्रों (2023–24) के लिए प्रेरणा–कार्यक्रम के दौरान उन्हें सोवा रिगपा की विशिष्ट विशेषताओं और भविष्य की संभावनाओं से परिचित कराया।

2. 19 से 21 फरवरी, 2024 : सीआईएचटीएस सारनाथ, वाराणसी में द्वितीय व्यावसायिक बीएसआरएमएस कार्यक्रम के लिए तीन दिवसीय पाठ्यक्रम निर्माण कार्यशाला में भाग लिया।

28. डॉ. जिगमेद ल्हाजेस, सहायक प्रोफेसर, सोवा रिगपा

1. ''द के हीलिंग हॉट स्प्रिंग्स ऑफ लद्दाख'' नामक एक कहानी–आधारित लेखन परियोजना को एक पुस्तक 'पीपल कॉल्ड लद्दाख' में पूरा किया, जिसे वेस्टलैंड पब्लिकेशन हाउस द्वारा 2024 के मध्य में प्रकाशित किया जाएगा।

2. 19–8–2023 को डीआईएचआर, लेह में जड़ी–बूटियों की खोज के लिए सोवा रिगपा द्वितीय वर्ष के छात्रों को ' लद्दाख किसान जवान विज्ञान मेला' में मार्गदर्शन किया।

3. लद्दाखी जड़ी–बूटियों की पहचान के लिए 25 अगस्त 2023 को खारदोंग दर्रे में एक दिवसीय सोवा रिगपा हर्बल यात्रा में शामिल हुए।

4. 1 फरवरी 2024 को वाराणसी में एनसीआईएसएम, दिल्ली के देखरेख में बीएसआरएमएस द्वितीय प्रोफेशनल के लिए पाठ्यक्रम तैयार करने हेतु 'लुस स्तोद डांग दोन स्नोद सोवा (सिर, गर्दन, वक्ष और उदर विकारों

का प्रबंधन) के लिए विशेषज्ञ के रूप में नियुक्त किया गया।

5. सीआईएचटीएस वाराणसी (सारनाथ) में बीएसआरएमएस द्वितीय प्रोफेशनल के लिए तीन दिवसीय पाठ्यक्रम फ्रेमिंग कार्यशाला में भाग लिया और पाठ्यक्रम रूपरेखा को अंतिम रूप देने के लिए राष्ट्रीय विशेषज्ञों के साथ सहयोग किया।

छात्रों की उपलब्धियाँ

क. निम्नलिखित छात्रों ने गुजरात में आयोजित अंडर–16 जूनियर गर्ल्स फुटबॉल 2023 में भाग लिया:

1. स्तनज़िन छिमेद
2. सेनम यांगस्कीद
3. मिफम छ़ोमो
4. छ़ेरिंग छोडोन

ख. निम्नलिखित छात्रों ने लेह में आयोजित राज्य स्तरीय हैंडबॉल 2023 में भाग लिया:

1. न्वांग डोलमा
2. छ़ेरिंग छोसडोन
3. थुबस्तान डोलकर
4. थुबस्तान दोरजे
5. कोनछोक छ़ेरिंग

ग. निम्नलिखित छात्रों ने लेह में आयोजित राज्य स्तरीय वॉलीबॉल 2023 में भाग लिया:

1. सोनम पालमो
2. छ़ेतन डोलमा
3. थुबस्तान डोलकर
4. सेनम छोरोल
5. न्वांग ल्हाडोल
6. स्तनज़िन टशी
7. स्तनज़िन छोसफेल

घ. लेह में आयोजित अंतर–क्षेत्रीय जिला स्तरीय फुटबॉल टूर्नामेंट 2023 में निम्नलिखित छात्रों ने भाग लिया:

1. उग्र्यान थोकमेद

ङ. निम्नलिखित छात्रों ने लेह में आयोजित अंतर–क्षेत्रीय जिला स्तरीय हैंडबॉल टूर्नामेंट 2023 में भाग लिया:

1. सोनम पालमो
2. छ़ेतन डोलकर

च. लेह में आयोजित अंतर–विद्यालय स्तरीय टूर्नामेंट 2023 में निम्नलिखित छात्रों ने पुरस्कार प्राप्त किए:

1. छ़ेवांग डोलमा, डिस्कस थ्रो, प्रथम स्थान
2. नेबु छोसफेल, तीरंदाजी, दूसरा स्थान
3. नेबु छोसफेल, तीरंदाजी, दूसरा स्थान (युवा उत्सव)
4. छ़ेतन डोलकर, शॉट पुट, दूसरा स्थान
5. छ़ेतन डोलकर, डिस्कस थ्रो, तीसरा स्थान

छ. वार्षिक प्रशिक्षण शिविर एनसीसी में निम्नलिखित छात्रों ने पुरस्कार प्राप्त किए:

1. स्मूह नृत्य, प्रथम स्थान
2. स्तज़िन अंगमो ने सर्वश्रेष्ठ गार्ड का पदक जीता।

31. डिग्री/डिप्लोमा प्राप्त छात्रों का नियोजन

संस्थान पी–एच. डी. (विद्यावारिधि) उपाधि, भोट बौद्ध दर्शन, संस्कृत बौद्ध दर्शन, बौद्ध पौराणिक इतिहास, भोट साहित्य तथा तुलनात्मक दर्शन विषयों में आचार्य (एम.ए. के समतुल्य), शास्त्री (बी.ए. के समतुल्य), उत्तर मध्यमा (+2 के समतुल्य) और पूर्वमध्यमा (मैट्रिक के समतुल्य) की उपाधि प्रदान करता है। इसके अतिरिक्त भोट चिकित्सा, थंका/चित्रकला, मूर्ति–कला और काष्ठकला में बैचलर ऑफ फाइन आर्ट्स (बीएफए) थंका पेंटिंग, बैचलर ऑफ फाइन आर्ट्स (बीएफए) हिमालयन मूर्तिकला, बैचलर ऑफ फाइन आर्ट्स (बीएफए) हिमालयन वुड कार्विंग, बैचलर इन भोट बोद्ध ज्योतिष और खगोल विज्ञान, बैचलर ऑफ सोवा रिगपा मेडिसिन एंड सर्जरी (बीएसआरएमएस) की उपाधि दी जाती है। यह अवलोकन किया गया है कि जिन विद्यार्थियों ने केन्द्रीय बौद्ध विद्या संस्थान, लेह से ऊपर बताए गए पाठ्यक्रमों में उपाधि प्राप्त की है, वे बेरोजगार नहीं है। जिन विद्यार्थियों ने इस संस्थान से उपाधि प्राप्त की है वे विशेषकर शिक्षा विभाग, केंद्र शासित प्रदेश लद्दाख, केन्द्रीय विद्यालय, नवोदय विद्यालय, और निजी स्कूलों में आसानी से नियुक्त हो जाते हैं। जिन उम्मीदवारों के पास ऊपर की उपाधियाँ हों उन्हें आकाशवाणी और दूरदर्शन विभागों में नियुक्त होने का अच्छा अवसर है, क्योंकि इन विभागों में उन उम्मीदवारों को वरीयता दी जाती है, जिनको स्थानीय भाषा का अच्छा ज्ञान हो।

संस्थान को गर्व महसूस होता है कि संस्थान के पूर्व छात्र राज्य और केंद्र सरकार की सेवाओं में अच्छे स्थानों पर हैं, जिनकी भर्ती कश्मीर पी.एस.सी. और यू.पी.एस.सी के माध्यम से की जाती है। इस के अतिरिक्त संस्थान के पूर्व छात्र पूरे भारत में सेना और अर्ध सैनिक बलों में देश के लिए सेवा कर रहे हैं। संस्थान के कुछ पूर्व छात्र विश्व भारती विश्वविद्यालय, शान्ति निकेतन कलकत्ता, जवाहर लाल नेहरू विश्वविद्यालय, दिल्ली आदि प्रख्यात विश्वविद्यालयों में काम कर रहे हैं। लद्दाख पुलिस के विभागों में अनेक ऐसे अधिकारी हैं जिन्होंने केन्द्रीय बौद्ध विद्या संस्थान, लेह से उपाधि प्राप्त की है। के.बौ.वि.सं., लेह की शाखा और फीडर स्कूल केन्द्रीय बौद्ध विद्या संस्थान, लेह के पूर्व छात्रों को नियुक्त कर चलाए जा रहे हैं, जो इस क्षेत्र की संस्कृति और विरासत के संरक्षण तथा पदोन्नति के लिए उपयोगी है।

भोट चिकित्सा में उपाधि प्राप्त विद्यार्थी केन्द्र प्रायोजित योजना 'राष्ट्रीय ग्रामीण स्वास्थ्य मिशन' के अधीन राज्य के स्वास्थ्य विभाग में कार्यरत हैं, जो पूरे क्षेत्र में ग्रामीण मरीजों को देखते हैं। थंका/चित्रकला, मूर्ति–कला और काष्ठकला में उपाधि प्राप्त विद्यार्थी स्थानीय लोग तथा लद्दाख में आए पर्यटकों से थंका, मूर्ति और लकड़ी पर नक्काशी का काम करके अच्छी खासी धनराशि कमा रहे हैं। इसके अतिरिक्त जिन छात्रों ने ऊपर बताई गई उपाधियाँ प्राप्त की हों, वे उन संस्थ. ाओं में प्रशिक्षक के रूप में नियुक्त होते हैं, जहाँ पर समान पाठ्यक्रम हों।

इस प्रकार हजारों विद्यार्थियों ने केन्द्रीय बौद्ध विद्या संस्थान, लेह से उपाधियाँ प्राप्त की हैं और उनमें से कोई भी बेरोजगार नहीं है। यह केन्द्रीय बौद्ध विद्या संस्थान, लेह की एक महान् उपलब्धि है।

32.पाठयपुस्तकों का परिशोधन एवं संपादन

वर्ष 2023–24 के दौरान संस्थान ने कक्षा शास्त्री–III मुख्य पाठ्य पुस्तक (छठे सेमेस्टर) और शास्त्री–III संप्रदाय शास्त्र पाठ्य पुस्तक (छठे सेमेस्टर) की भोटी में पाठ्य पुस्तकों को संशोधित, संपादित और प्रकाशित किया गया।

33. डुजिंग फोटंग विद्यालय, जंस्कार

(क) संक्षिप्त इतिहासः

जंस्कार बौद्ध संघ के निमन्त्रण पर सन् 1980 में पहली बार परम पावन दलाई लामा जी जंस्कार पधारे थे। उन्होंने इस क्षेत्र की संस्कृति के संरक्षण की आवश्यकता का अनुभव करते हुए एक विद्यालय की स्थापना के लिए जंस्कार बौद्ध संघ को कुछ धनराशि भेंट की। जंस्कार बौद्ध संघ ने इस क्षेत्र के निर्धन एवं जरूरतमंद छात्रों के कल्याण के लिए सितम्बर वर्ष 1984 में डुजिंग फोटंग में एक विद्यालय की स्थापना की। यहाँ प्रारंभ में कुल 101 छात्रों को प्रवेश दिया गया तथा तीन अध्यापकों को नियुक्त किया गया। दूर–दराज के क्षेत्रों के छात्रों के लिए एक छात्रावास का प्रबंध भी किया गया। जंस्कार के बौद्ध निवासियों ने भी इस विद्यालय के कोष के लिए धन जुटाया। परम पूज्य दलाई लामा

जी के वर्ष 1988 में दूसरी बार जंस्कार पधारने पर विद्यालय के विकास के लिए पुनः धनराशि भेंट की। जंस्कार बौद्ध संघ और क्षेत्र की जनता ने तत्कालीन प्रधानमंत्री श्री राजीव गाँधी को इस विद्यालय के महत्त्व के बारे में अवगत कराया तथा उनसे निवेदन किया कि केन्द्रीय बौद्ध विद्या संस्थान, लेह की तरह इस विद्यालय का प्रबंधन भारत सरकार अपने अधीन कर ले। तत्कालीन प्रधानमंत्री श्री राजीव गाँधी ने मार्च/अप्रैल 1988 में अपनी जंस्कार यात्रा के दौरान वहाँ के नागरिकों की भावनाओं का समादर करते हुए "डुजिंग फोटंग विद्यालय" को केन्द्रीय बौद्ध विद्या संस्थान, लेह से सम्बद्ध करने की घोषणा की थी। तदनुसार भारत सरकार ने नवम्बर, 1989 से इस विद्यालय को केन्द्रीय बौद्ध विद्या संस्थान, लेह की शाखा के रूप में मान्यता प्रदान कर दी। तब से यह विद्यालय केन्द्रीय बौद्ध विद्या संस्थान, लेह के वित्तीय एवं प्रशासनिक नियन्त्रण में चलाया जा रहा है। वर्तमान में इस विद्यालय में प्रथम कक्षा से दसवीं कक्षा तक कुल 340 विद्यार्थी अध्ययन कर रहे हैं। डुजिंग फोटंग विद्यालय के परिसर में शैक्षिक विभाग, एक छोटा सा पुस्तकालय, एक छोटा बहुउपयोगी सभा भवन, 100 छात्रों के रहने के लिए छात्रावास, कर्मचारी आवास और एक खेल का मैदान है। जो विद्यार्थी छात्रावास में नहीं रहते हैं, उनको लाने–ले जाने के लिए एक स्कूल बस भी है। जंस्कार घाटी एक अलग क्षेत्र है और सर्दियों में लगभग 6 से 7 महीने के लिए लेह और कारगिल से कटा रहता है।

(ख) परीक्षा का परिणाम (डी.पी.एस.,जंस्कार) :

डुजिंग फोटंग विद्यालय, जंस्कार के कक्षा पहली से आठवीं तक के विद्यार्थियों की वार्षिक परीक्षाएँ प्रधानाध्यापक के निरीक्षण में संस्थान द्वारा अयोजित की गईं। कक्षा नवीं तथा दसवीं के विद्यार्थियों की वार्षिक परीक्षाएँ संपूर्णानंद संस्कृत विश्वविद्याय, वाराणसी द्वारा संचालित की गईं। वहाँ के विद्यार्थियों को परीक्षा के लिए लेह आना पड़ता था और अनेक कठिनाईयों का सामना करना पड़ता था। अतः इन बातों को ध्यान में रखकर वहाँ एक परीक्षा केन्द्र स्थापित किया गया। वर्ष 2023–2024 सत्र के अर्न्तगत विद्यार्थियों के नामांकन और प्रत्येक कक्षा की परीक्षाओं के परिणाम का विवरण पृष्ठ संख्या **37** पर परिशिष्ट के रूप में दर्शाया गया है।

(ग) अन्य क्रिया–कलाप (डी.पी.एस., जंस्कार) :

